जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 321 प्रभात चूरू, शुक्रवार 21 मार्च, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# पुतिन ने अगूंठा दिखाया अमेरिका के तीस दिन के युद्ध विराम के प्रस्ताव को

## रूस युद्ध विराम पर बातचीत के लिए आने को तैयार नहीं होगा, जब तक उसका दीर्घकालीन उद्देश्य पूरा नहीं होता

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मार्च। अमेरिका के राष्ट्रपति ने अनेक प्रयास किए, रुस के राष्ट्रपति को अनेक रियायतें दीं, यू.एन. में यूक्रेन युद्ध पर, नॉर्थ कोरिया, ईरान और रुस के साथ वोट भी किया, लेकिन, इसके बावजूद पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ धोखाधड़ी की है।

रुस के राष्ट्रपति ने, डॉनल्ड ट्रंप के, 30 दिनों के तत्काल युद्धविराम प्रस्ताव को सीधे तौर पर ठुकरा दिया है। यूक्रेन ने पहले ट्रंप के इस प्रस्ताव को मान लिया था। अब यह स्पष्ट हो गया है कि पुतिन, युद्ध को रोकने के ट्रंप के प्रयासों के तहत किसी भी प्रस्ताव को मानने के मूड में नहीं हैं।

डॉनल्ड ट्रंप ने वादा किया था कि यदि पुतिन युद्धविराम पर बातचीत में शामिल नहीं होते हैं तो अमेरिका रुस पर कड़े प्रतिबंध लगाएगा। इसमें दो अलग तरह के एक्शन शामिल हैं।

पहला, आर्थिक प्रतिबंध लागू करना, ताकि, रुसी अर्थव्यवस्था को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया जा सके। रुस पहले ही उन गंभीर प्रतिबंधों के दबाव में है, जो अब तक लागू किए गए हैं, जैसे बैंकिंग लेन-देन पर प्रतिबंध और रुस के मुख्य निर्यातों में मुक्त व्यापार पर प्रतिबंध।

- सोवियत यूनियन के विघटन से पूर्व रूस ''ब्लैक सी'' को अपना निजी तालाब ही मानता था।
- पर, सोवियत यूनियन के विघटन के बाद, रूस ने ''ब्लैक सी'' पर नियंत्रण खो दिया तथा उससे सटे हुए देश रोमानिया व बल्गेरिया भी पश्चिमी देशों के प्रभाव में चले गये तथा टर्की नाटो का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो गया।
- अतः, रूस के दीर्घकालीन उद्देश्य में ''ब्लैक सी'' पर पुनः नियंत्रण स्थापित करना है और इसीलिए यूक्रेन के प्रमुख बंदरगाह ओडेसा को भी हथियाना चाहता है।
- रूस, जब तक अपने दीर्घकालीन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर लेता, यूक्रेन में युद्ध विराम करने को तैयार नहीं होगा।
- अमेरिका भी अब रूस के इस उद्देश्य को समझ रहा है, पर, अमेरिका के पास कोई अन्य विकल्प नहीं है, इसके अलावा कि, रूस पर और दबाव बनाये कि वह युद्ध विराम के लिये बातचीत के लिये आये।
- रूस पर दबाव बनाने के लिये अमेरिका ने यूक्रेन से ''इन्टैलिजैंस'' साझा करना पुनः शुरु कर दिया है और रूस पर और सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं।

इन प्रतिबंधों और नियंत्रणों ने रुस के सबसे महत्वपूर्ण निर्यात, ऊर्जा उत्पादों की बिक्री को प्रभावित किया है। इन प्रतिबंधों ने रुसी क्रूड ऑयल और प्राकृतिक गैस की कीमतों पर दबाव डाला है। इनकी खपत भी प्रभावित हुई है, क्योंकि, कुछ प्रमुख खरीददार अब रुसी तेल और गैस से मुँह मोड़ चुके हैं।

दूसरा, अमेरिकियों ने यूक्रेन के युद्ध प्रयासों के लिए अति महत्वपूर्ण, खुफिया जानकारी की आपूर्ति रोकने का प्रयास किया था। अमेरिकी खुफिया जानकारी के बिना यूक्रेन की आक्रमण की रणनीतियों पर असर पड़ा था। यह निर्णय, ज़ैलैंस्की की ओवल ऑफिस में डॉनल्ड ट्रंप के साथ हुई आपत्तिजनक बैठक के बाद लिया गया था।

लेकिन, अब जबकि, रुस का अड़ियल रवैया पूरी तरह सामने आ गया है, तो अमेरिकियों ने खुफिया जानकारी की आपूर्ति को फिर से तेज कर दिया है। इसके परिणामस्वरुप, यूक्रेनी सैनिकों ने रुस के क्षेत्र में 500 मीटर अंदर एक एयरबेस पर हमला किया। रुस इस एयरबेस पर अपने परमाणु क्षमता वाले बमवर्षकों को रखता है। इंगलेस टाउन के इस एयरबेस पर रुस के टूपोलेव परमाणु हथियार क्षमता वाले विमान हैं। इस एयरबेस का मुख्य रनवे अब उपयोग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा चीटिंग, दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर, 20 मार्च। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोकसेवा आयोग अजमेर की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा विषय विज्ञान 2022 में डमी कैंडिडेट बैठा कर परीक्षा दिलवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी.के सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोकसेवा आयोग अजमेर की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा

- आरोप है कि इन्होंने दो अभ्यर्थियों की जगह डमी कैन्डिडेट से परीक्षा दिलवाई थी।

विषय विज्ञान 2022 में डमी कैंडिडेट बैठा कर परीक्षा दिलवाने वाले प्रवीण कुमार (23) निवासी धनाउ जिला बाड़मेर हाल द्वितीय श्रेणी अध्यापक (विषय विज्ञान) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटादा मनाउ जिला बाड़मेर और देवाराम बिश्नोई (27) निवासी चितलवाना जिला जालौर हाल द्वितीय श्रेणी अध्यापक (विषय विज्ञान) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुकने का ताला, धोरीमन्ना जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक एसओजी जयपुर राजस्थान सीमा पठान ने 25 अक्टूबर 2024 को मामला दर्ज करवाया था, जिसमें बताया गया था कि राजस्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डी.एम.के. के सांसद ''डीलिमिटेशन विरोधी'' नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर सदन में आये

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने व्यवस्था दी, जब तक सांसद नारे लिखी टी-शर्ट पहन कर संसद में आयेंगे, सदन नहीं चलेगा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मार्च। गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही इसलिये स्थगित कर दी गई, क्योंकि विपक्षी सदस्य सदन में टी-शर्ट पहन कर आये थे तथा इन पर संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे के विरोधी नारे लिखे हुये थे।

टी-शर्ट पहने हुये सांसदों को देखकर उत्तेजित हुये लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने नारे लिखी हुई टी-शर्ट पहने हुये सांसदों को निर्देशित किया कि वे सदन से बाहर निकल जायें तथा उचित ड्रैस पहनकर आयें और सदन की गरिमा बनाये रखें।

बिड़ला ने कहा, ''कुछ सदस्य सदन की गरिमा एवं पवित्रता का खयाल नहीं रख रहे हैं।'' उन्होंने जोर देते हुये कहा कि टी-शर्ट पहनना संसदीय मर्यादा का उल्लंघन है। उन्होंने सासंदों से कहा, ''अगर आप नारे लिखी हुई टी-शर्ट पहन कर सदन में आयेंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जब आप टी-शर्ट की जगह उचित वस्त्र पहन कर आयेंगे, तभी सदन चलेगा।''

द्रमुक सांसद जो सफेद टी-शर्ट पहने हुये थे, उन पर लिखा हुआ था, ''तमिलनाडु परिसीमन से लड़ेगा, तमिनलाडु जीतेगा।''

- डी.एम.के. सांसद काफी समय से ''डीलिमिटेशन'' का मुद्दा सदन में उठाने का प्रयास कर रहे हैं, पर, लोकसभाध्यक्ष ने उनको यह मुद्दा उठाने की इजाज़त नहीं दी है। लोकसभाध्यक्ष का तर्क है कि यह ''डीलिमिटेशन'' का मुद्दा अभी सरकार के एजेण्डे में नहीं है, क्योंकि अभी तो जनगणना भी नहीं हुई है। अतः जनगणना के बिना ''डीमिलिटेशन'' होने का सवाल ही कहाँ उठता है।

विपक्ष संसद में विरोध के सांधन के रुप में अपने वस्त्रों का उपयोग पहले भी कर चुका है, और इसको लेकर सदन में हो-हल्ला भी हुआ है। दिसम्बर, 2024 में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा वायनाड सांसद प्रियंका गांधी टी-शर्ट पहन कर संसद में पहुँचे थे, जिन पर पीछे अडानी-विरोधी नारे छपे हुये थे।

उन दोनों की टी-शर्ट उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ विरोध - प्रदर्शन का प्रतीक थीं, तथा युक्तिपूर्वक अप्रत्यक्ष संकेत कर रही थीं कि उनके (अडानी) के प्रधानमंत्री मोदी के साथ नजदीकी सम्बंध हैं।

उधर, राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने दिन में जल्दी ही सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिये, दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी तथा विभिन्न पार्टियों के फ्लोर लीडर्स की मीटिंग बुलाई।

जहाँ धनखड़ ने स्थगन का कोई कारण नहीं बताया, वहीं द्रमुक सदस्यों द्वारा नारे लिखी हुई टी-शर्ट पहनने के मुद्दे पर सभापति ने आपत्ति जरुर जताई।

बिड़ला ने इस मुद्दे पर सदन को पहले दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित किया। जब सदन की बैठक 12 बजे पुनः शुरु हुई, तो तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) सांसद कृष्ण प्रसाद तेन्नेती, जो सदन की अध्यक्षता कर रहे थे, ने लोकसभा की कार्यवाही अपरान्ह 2 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

द्रमुक सांसद लोकसभा में परिसीमन का मुद्दा उठाने की कोशिश करते आ रहे हैं, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने उनके अनुरोध को यह कहते हुये अस्वीकार कर दिया है कि यह मुद्दा सरकार के राडार पर कहीं है ही नहीं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडु सरकार की शराब बेचने वाली कंपनी पर ईडी ने रेड की

## कर्मचारियों को साठ घंटे ऑफिस में बिठाये रखने का आरोप लगाया राज्य सरकार ने

- लक्ष्मण वैकेट कुची -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 20 मार्च। एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ईडी), जिसने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन (टी ए एस एम ए सी) पर शराब कंपनी में एक हजार करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप में रेड की है, के मुद्दे पर करारा तमाचा जड़ते हुए, मद्रास हाईकोर्ट ने रेड के दौरान ईडी के व्यवहार की कड़ी निंदा की है।

तमिलनाडु, जहां एक साल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, में ईडी एक्टिव हो गया है। ई डी ने यह कार्यवाही राज्य सरकार की शराब कंपनी में भाजपा द्वारा एक हजार करोड़ का घोटाला होने का आरोप लगाने पर की है। भाजपा ने स्टालिन को नम्बर वन आरोपी बताया है।

ईडी ने शहर में टी ए एस एम ए सी परिसर पर रेड की व तलाशी अभियान चलाया, जिस पर उसका तमिलनाडु सरकार से न्यायाधिकार क्षेत्र का विवाद हो गया और यह मसला अब हाईकोर्ट में है।

- रेड का कारण बताया जाता है, कंपनी में 1,000 करोड़ रूपए का स्कैम होना।
- भाजपा ने यह आरोप लगाते हुए कहा था कि सरकारी कंपनी, हर ग्राहक से अधिकतम रिटेल कीमत से 10 से 30 रूपये प्रति बोतल ज्यादा चार्ज कर रही थी। और यह रकम साल भर में 1,000 करोड़ रूपए हो जाती है तथा भाजपा के अनुसार, यह पैसा सीधे मुख्यमंत्री के पास जाता है। अतः मु.मंत्री इस स्कैम में नम्बर वन आरोपी हैं।

हाई कोर्ट की दो सदस्यीय बैंच ने टी ए एस एम ए सी की याचिका पर ईडी अधिकारियों को खूब लताड़ा, क्योंकि ईडी अधिकारियों ने टी ए एस एम ए सी कर्मचारियों को बंधक बना लिया और तलाशी व रेड का कोई कारण नहीं बताया।

जस्टिस एम एस रमेश और एन. सैंथिल कुमार की बैंच ने कहा ''क्या यह चिंताजनक स्थिति नहीं है। अगर आपके पास खास जानकारी है तो हम समझ सकते हैं, पर क्या आप सारे स्टाफ को कई घंटों तक अपने कब्जे में रख सकते हैं। अगर आपके पास कोई कारण था तो क्या आपको उन्हें नहीं बताना चाहिए था? उनकी यही शिकायत है कि उन्हें नहीं पता कि ईडी ने रेड क्यों की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वन रक्षक भर्ती परीक्षा, फॉरैस्ट गार्ड रेशमी चिल्का गिरफ्तार

जयपुर, 20 मार्च। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वन रक्षक पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए, वन रक्षक रेशमी कुमारी चिल्का को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस महिला ने पांच लाख रुपए में सॉल्वड पेपर खरीदकर पढ़ा था।

- गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुई इस परीक्षा में रेशमी चिल्का ने 5 लाख रूपए में सॉल्वड पेपर खरीद कर परीक्षा दी थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी वीके सिंह ने बताया कि 30 जून 2024 को पुलिस थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा की आसेर से 13 नवम्बर 2022 की दोनों पारियों में हुई वन रक्षक भर्ती परीक्षा- 2020 का पेपर लीक होने की जानकारी मिलने पर प्रकरण की जांच एसओजी राजस्थान जयपुर की ओर से की जा रही है। इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गहलोत मीडिया की सुर्खियों में रहने के लिए नैगेटिव बातें करते हैं'

## संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने अशोक गहलोत को आईना दिखाया

जयपुर, 20 मार्च। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विधानसभा में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मीडिया की सुर्खियों में रहने के लिए ही नैगेटिव बोलते हैं। वे अनावश्यक बात कर के सिर्फ सुर्खियों में रहने का काम करते हैं, मुद्दों पर बात नहीं करते। वे विधानसभा आए, पर सदन में नहीं आए, बस मीडिया के सामने ही उपस्थित रहे। उन्हें विधानसभा में आकर मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उनको सरदारपुरा की जनता ने मौका दिया, पर वे सदन के अंदर तक नहीं आए। वे सिर्फ कांग्रेस की गुटबाजी को हवा देने का काम करते हैं।

जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री और भाजपा की सरकार कांग्रेस के रहमो-करम पर नहीं बनी है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी उसे मौका देंगे। सचिन पायलट को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनने दिया, उनको मौका क्यों नहीं दिया? पायलट को मौका देने की बजाय रगड़ाई की बात क्यों की? मौका देने की बजाय होटलों में कैम्पिंग क्यों की? परसराम मदेरणा, सीपी जोशी को मौका क्यों नहीं दिया गया? गहलोत जी, आपने 25 सितंबर 2022 को जयपुर आए कांग्रेस अध्यक्ष के दूत मल्लिकार्जुन खड़गे को नाटक रच कर विधायकों से मिलने का मौका क्यों नही दिया? जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान की जनता ने आपकी पार्टी को एक बार 1998 में मौका दिया था, पर आपने अन्य योग्य नेताओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी टीकाराम जूली जी को मौका क्यों नहीं दे रहे बोलने का। गहलोत जी जब विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे थे, पायलट जी भी साथ थे, तब उन्होंने पायलट से हाथ मिलाकर उन्हें गले मिलने का मौका क्यों नहीं दिया?

- पटेल ने कहा, भाजपा सरकार कांग्रेस के रहमो करम पर नहीं बनी है, जो गहलोत मौका देगें।
- पटेल ने कहा, गहलोत ने खुद किसी को भी मौका नहीं दिया, हमने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बोलने का मौका दिया तो गहलोत विधानसभा आ गए उनको काउन्टर करने।
- उन्होंने कहा कि गहलोत विधानसभा आए, पर, सदन में नहीं आए, उन्हें सरदारपुर की जनता ने मौका दिया, पर, वे सिर्फ कांग्रेस में गुटबाजी को हवा देने का काम करते हैं।

जोगाराम पटेल ने कहा कि गहलोत जी, आप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एक वर्ष में हुए अनेक ऐतिहासिक कामों को पचा नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं की भूमिका हमेशा से नकारात्मक रही है।

जोगाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस बार टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया, पर गहलोत उन्हें सदन में बोलने तक का मौका नहीं देते। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान जूली का नंबर आया तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। लेकिन हमने उन्हें, विभिन्न विषयों पर सदन में बोलने का मौका दिया, इसका काउंटर करने आज गहलोत जी विधानसभा आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार शानदार काम कर रही है। राजस्थान के बजट की क्रियान्विति, युवाओं को रोजगार देने जैसे काम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे हैं। विधानसभा सही चले, जनता के मुद्दों पर चर्चा हो, सरकार यही चाहती है। जोगाराम पटेल ने कहा कि मैं पुनः आग्रह करता हूं कि गहलोत सदन में आएं, सदन की कार्यवाही में हिस्सा लें, राजस्थान की 8 करोड़ जनता से जुड़े विषयों पर चर्चा करें।

# 30 अप्रैल से शुरू होगी चार धाम यात्रा

देहरादून, 20 मार्च।उत्तराखंड में चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन गुरुवार को शुरू हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के हिमालयी मंदिरों और हेमकुंड साहिब के सिख तीर्थस्थल पर जाने के इच्छुक भक्त अब उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट पर

- उत्तराखंड सरकार ने चार धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं।

जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। चारधाम यात्रा 30 अप्रैल को उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ शुरू होगी। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ 2 मई को भक्तों के लिए खोला जाएगा, जबकि बद्रीनाथ 4 मई और चमोली जिले में हेमकुंड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या श्री शुभम लॉजिस्टिक को ''120 करोड़ रूपए'' का अवांछित लाभ दिलाने वाले सरकारी अधिकारियों पर आखिरकार गाज़ गिरेगी?

## कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने जिन अधिकारियों को नामजद करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था, अब उनके खिलाफ जाँच शुरु करने के लिए ए.सी.बी. ने राज्य भंडारण निगम से अनुमति ले ली है

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 20 मार्च। राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने गत अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में सार्वजनिक वितरण की जाने वाली कृषि उपज के भंडारण में भारी घोटाले के संबंध में जो पत्र लिखा था, उस पत्र के संदर्भ में एन्टी-करप्शन ब्यूरो ने अब लगभग 10 महीने बाद राज्य भंडारण निगम में प्रतिनियुक्ति में कार्य कर चुके दो सरकारी अधिकारियों विश्वास पारीक तथा योगेश कुमार वर्मा के खिलाफ जाँच शुरु करने के लिए राज्य भंडारण निगम से अनुमति प्राप्त कर ली है।

जैसा कि विदित है, मंत्री किरोड़ी लाल ने 16 मई 2024 को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में गंभीर आरोप लगाये थे कि गहलोत सरकार के दौरान कृषि उपज के भंडारण के लिए श्री शुभम लॉजिस्टिक के साथ अनुबंधन किया गया था। इस कंपनी को 120 करोड़ रूपए का अवांछित लाभ गहलोत सरकार के अफसरों की मिलीभगत से दिया गया और राज्य सरकार के भंडारण निगम को करीब 200 करोड़ रूपए का नुकसान उठाना पड़ा।

- उल्लेखनीय है कि यह दो कर्मचारी राज्य भंडारण निगम में प्रतिनियुक्ति पर आये थे और अब अपने विभागों में लौट चुके हैं। इसलिए जाँच आगे बढ़ाने के लिए ए.सी.बी. को राज्य सरकार के कृषि विभाग और अधीनस्थ प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित विभाग से भी अनुमति लेनी होगी।
- गौरफरमाने योग्य है कि कृषि मंत्री ने पिछले वर्ष मई में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया था कि पिछली गहलोत सरकार में कृषि उपज के भंडारण में भारी अनियमितताएँ हुई थीं और श्री शुभम लॉजिस्टिक, जो गहलोत की करीबी कंपनी है, को 120 करोड़ रूपए का अवांछित लाभ दिया गया था।
- हैरानी की बात है कि कृषि मंत्री के पत्र लिखे जाने के बाद ए.सी.बी. ने इस मामले में ''प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी'' तो शुरु कर दी थी परन्तु लगभग 9 महीने बाद तक किसी भी सरकारी अधिकारी के खिलाफ न तो जाँच आरंभ की और न ही कोई एफ.आई.आर. दर्ज की।

इस पत्र में मीणा ने आरोप लगाया था कि श्री शुभम लॉजिस्टिक ने अनुबंधों की शर्तों का उल्लंघन करते हुए 3,000 करोड़ रूपए के मूल्य से भी अधिक की कृषि उपज का इंश्योरेंस (बीमा) नहीं कराया। ऐसी स्थिति में, किसी दुर्घटना, आपदा या कालाबाज़ारी से किसानों को अवांछित भारी नुकसान झेलना पड़ सकता था। इसके अतिरिक्त, मीणा ने पत्र में आरोप लगाया था कि श्री शुभम लॉजिस्टिक ने अनुबंध के अनुसार कई खर्चों का और बैंक गारंटी का भुगतान नहीं किया, जिससे निगम को करोड़ों का नुकसान हो गया। मीणा ने पत्र में लिखा था कि श्री शुभम लॉजिस्टिक अशोक गहलोत के करीबियों की ही कंपनी है। इस वजह से इस कंपनी के साथ कृषि उपज के भंडारण का अनुबंधन किया गया और फिर भारी लाभ दिया गया।

एसीबी की जाँच में भंडारण निगम से विश्वास पारीक के खिलाफ जाँच करने की अनुमति माँगी गई है, जो निगम में जनवरी 2021 से जुलाई 2024 तक निदेशक के पद पर कार्यरत रहे। यह पद वरिष्ठता में प्रबंधक निदेशक के ठीक नीचे का पद है। पारीक निगम के समस्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एसआई पेपर लीक, भरतपुर से एक ट्रेनी एसआई गिरफ्तार

जयपुर, 20 मार्च। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने गुरुवार को एक और ट्रेनी एसआई को भरतपुर से डिटेन किया है। एसओजी की टीम ट्रेनी एसआई वीरेन्द्र मीणा से पूछताछ कर रही हैं।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने

- गहलोत सरकार के कार्यकाल के इस बहुचर्चित पेपर लीक कांड में एस.ओ.जी. एक के बाद एक नई गिरफ्तारियां कर रही है।

बताया कि ट्रेनी एसआई से पहले पूछताछ की जाएगी। उस के बाद आगे का एक्शन लिया जाएगा। हमारी टीमें वीरेन्द्र मीणा ट्रेनी एसआई को भरतपुर पुलिस लाइन से पूछताछ के लिए लाई है। एसआई के परिजनों और अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# महिला अधिकार, जागरूकता अभियान, समानता, स्टार्ट-अप ( नवाचार ) तथा सशक्तिकरण

देश को आजाद हुये 77 वर्ष पूरे हो चुके हैं; किन्तु यह दुर्भाग्य का विषय है कि नारी को पुरूषों के समान वे अधिकार जिनका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 14 व 15 तथा जिनका निर्देश नीति निदेशक तत्वों के अध्याय-IV के अनुच्छेद 38 व 39 में किया है और पुरूषों ने उन कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं किया है, जिनका उल्लेख अनुच्छेद 51क में है, जैसे स्त्रीयों को वह सम्मान नहीं दिया, जिसकी अपेक्षा संविधान निर्माताओं ने की है। नारी आज भी पुरूषवादी भारतीय समाज में भेदभाव की हीनता से उत्पीडित है। फिर भी इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि महिला सशक्तिकरण देश में हो रहा है। महिला सशक्तिकरण में हमारा देश कई देशों की अपेक्षा आगे है। अमेरिका व यूरोप के कई देशों में महिलाओं को मत देने का अधिकार हमारी अपेक्षा देर से मिला था देश की महिलायें सर्वोच्च पदों पर रह कर भी अपने कार्य की कौशल की छाप छोड़ चुकी हैं। सेना, पुलिस, प्रबन्धन, पंचायतों नगरपालिकाओं, संसद, पायलेट, अंतरिक्ष विशेषज्ञ, शिक्षा व व्यापार के रूप में, देश की सरकार में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, कला, खेल के मैदानों में ओलम्पिक में पदक जीतकर अपने अपने पदों पर रहकर कार्य पर समानता की छाप छोड चुकी हैं।

दिनांक 8 मार्च, 2025 को पंजाव व हरियाणा हाईकोर्ट ने एक लैण्डमार्क निर्णय में उपरोक्त बातों पर विशद चर्चा की है और कहा है कि नारी सशक्तिकरण के हेतु अभी बहुत कुछ करना शेष है।

दिल्ली की सरकार ने दो दिन पूर्व ही चुनाव में किये गये वायदे के अनुरूप 2500/– रूपये प्रतिमाह महिलाओं को देने हेतु घोषणा कर आर्थिक रूप से महिलाओं का सशक्तिकरण किया है जो एक ऐतिहासिक घटना है।

दिनांक 8 मार्च, 2025 को देश ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है।

देश को गर्व है कि महिलाओं की सोच में इच्छा शक्ति है, उन्होंने अपने फौलादी इरादों से सफलतायें प्राप्त की हैं। यह माना जा रहा है कि जीडीपी में महिलाओं का 18 प्रतिशत योगदान है। उद्योगों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 36.6 प्रतिशत है। यह माना जा रहा है कि महिला सम्मान समृद्धि योजना के माध्यम से 77 प्रतिशत महिलायें सशक्त होंगी। लोकसभा में वर्तमान् में 47 महिलायें हैं। इनमें 31 महिला सांसद भाजपा से है। सभी राज्य सरकारों का प्रयत्न है कि राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सुधारों से महिलाओं को पुरूषों की तरह सशक्त बनाया जावे। देश में यह माना जा रहा है कि नारी एक सशक्त, एक प्रेरणा और आशा है। नारी में सृजन पोषण, परिवर्तन की असीम शक्तियां है।

महिला दिवस पर एक अनूठी पहल हुई है। जिसके अनुसार मोदी की सुरक्षा महिला दल को दी गई थी।

यह सही है कि देश में बदलाव की बयार है। अशिक्षित और कम पढ़ी–लिखी महिलायें भी अब आत्मनिर्भरता की अच्छाई समझ चुकी हैं। छोटे छोटे स्टार्ट–अप के माध्यम से वे सशक्त हो रही हैं। वे समाज में अपनी पहिचान बना पा रही है। ऐसा समय शीघ्र दिखाई देगा जब ये महिलायें अर्थ व्यवस्था में एक अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती दिखाई देंगी।

**देश वही आगे बढेगा उसका विकास होगा जहां नारी का सम्मान होगा। वर्तमान में मोदी के राज में स्टार्ट-अप की सहायता से महिलाओं को उद्यमी बनाया जा रहा है। वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं से महिलायें सशक्त हो रही हैं। जयपुर में पिछले पांच वर्षों में 838 स्टार्ट-अप को महिलाओं ने ही लीड़ किया है। महिलाओं की वर्तमान कार्यशैली को देखते हुये कहा जा सकता है कि देश शीघ्र ही विकसित देश होगा।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आंगनबाडी केन्द्रों पर सेवाओं की गुणवत्ता हेतु नवाचार की योजनाओं में नई दिशा से नई रोशनी प्राप्त हो रही है। ये योजनायें हैं, मुख्यमंत्री अमृत आधार योजना, हर आंगनबाडी सक्षम आंगनबाडी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जिम्मेदार पुरूष अभियान व मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री–किट योजनायें।

नर कि समान नारी भी तो एक मानव ही है। नारी को नर की तरह सभी अधिकार समान रूप से प्राप्त हैं। अन्तर्राष्ट्रीय संधियों में नारी को पूजनीया के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उन्हें भी गरिमा मय जीने का अधिकार है। नारी को उत्पीड़न से मुक्ति के हेतु संरक्षण अन्तर्राष्ट्रीय संधियों में दिये गये हैं। ये संधियां घरेलू कानून के रूप में मान्य हैं और प्रवर्तनशील हैं। अन्तर्राष्ट्रीय संधि, दी कन्वेंन्शन ऑफ दी ऐलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्मस ऑफ डिस्क्रीमिनेशन अगेन्स्ट वूमन 1979 हैं। भारत इस संधि का हस्ताक्षर कर्त्ता देश है। इस संधि के द्वारा नारी को नौकरी, वेतन, राष्ट्रीयता, आर्थिक हितों, शादी में, परिवार बनाने और बाल विवाह आदि के विवादों में समानता का अधिकार भेदभाव के बिना दिया गया है। नारी को विकास का पूर्ण अधिकार है।

नारी के देह व्यापार और सेक्सुअल एक्सप्लोइटेशन के बाबत एक और महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय संधि है 'दी कन्वेन्शन फॉर दी सप्रेशन ऑफ दी ट्रेफिक इन परसन एण्ड एक्स–प्लोईटेशन ऑफ प्रोस्टीटयूशन ऑफ अदर्स, 1949। इसका संबंध मानव अधिकारों से है। समाज को इसको रोकना है। नारी के देश दोहन को रोकना आवश्यक है, इस पर गम्भीरता से चिन्तन आवश्यक है। चेतना, शिक्षा व जागरूकता की जरूरत है। इसी प्रकार महिला जहां नौकरी करती है वहा सेक्स एब्यूज के कई मामले देखे गये हैं। इसी प्रकार परिवार के सदस्य, पडोसी तथा भ्रष्ट चरित्र के लोगों द्वारा माइनर बच्चियों के रेप के केसेज, उसकी हत्या के केसेज खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कानून कठोर हो गया है, किन्तु बेअसर है। भारत के लोग अपनी नैतिकता के लिये जाने जाते हैं किन्तु सेक्स एक्सप्लोइटेशन के मामलों में लोगों की नैतिकता कहीं खो गई है। फांसी की सजा भी इस कुकृत्य को नहीं रोक पाई है। यह सच है और ऐसा प्रतीत भी हो रहा है कि कानून से ऐसे अपराधों को नहीं रोका जा सकता। संभवत: शिक्षा, सामाजिक चेतना व जागरूकता से इसे रोकना संभव हो।

अधिकांश अखबार, मेगजीन में नारी का अत्यंत ही भोंडे रूप में प्रस्तुतीकरण होता है। सिनेमा के सीन तो ऐसे अश्लील, अशोभनीय होते हैं ऐसी फिल्मों को परिवार के साथ देखना कठिन है। सांकेतिक भाषा में क्या इनका प्रस्तुतीकरण नहीं हो सकता। यद्यपि कानून में ऐसे प्रस्तुतीकरण को अपराध माना गया है, किन्तु कई प्रकार के अवरोध आ जाते हैं जिनके कारण मुकदमा नहीं होता। कुछ तो इसे नारी के स्वाभिमान के विरूद्ध मानते हैं। नारी को पूजनीय व श्रद्धा के रूप में मानने वाले भी अपनी प्रतिक्रिया करने से घबराते हैं। ऐसे चित्रों से नारी का सशक्तिकरण केसे होगा? समाज काफी विकृत हो चुका है, इब समय आ गया है जब नारी को ही अपनी मुक्ति के हेतु अपने गरिमामय जीने के अधिकार का साथ स्नेहमयी, ममतामयी व पूजनीय बनकर भोग्या के स्थान पर पालनहारा बनकर, सिंहवाहिन दुर्गा बनना होगा। नारी को अपने सत्यम शिवम सुन्दरम रूप में पतित पावनी मां बनना होगा। उपनिषद् में कहा है कि सम्पूर्ण रिक्तता की पूर्ति स्त्री द्वारा होती है। मनु कहते है स्त्री के बिना स्वर्ग है ही नहीं। 'दाराधीनस्तथा स्वर्गः'। जहां नारी की पूजा होती है, वह स्वर्ग है। हमें देश को स्वर्ग बनाना है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:'।

यह सही है भारतीय नारी अब अबला नहीं है। नारी को स्वयं दुर्गा बनकर अपने सम्मान की सुरक्षा करनी है। भ्रूण हत्या देश के लिये कलंक है। दहेज की वेदी पर आज भी नारी की बलि दी जा रही है अब जागृति की बेला है। बालिकाओं को शिक्षित करना है। संविधान नारी को शक्तिशाली देखना चाहता है। देश वही आगे बढेगा उसका विकास होगा जहां नारी का सम्मान होगा। वर्तमान में मोदी के राज में स्टार्ट–अप की सहायता से महिलाओं को उद्यमी बनाया जा रहा है। वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं से महिलायें सशक्त हो रही हैं। जयपुर में पिछले पांच वर्षों में 838 स्टार्ट–अप को महिलाओं ने ही लीड़ किया है। प्रारम्भ में महिलायें फूड, कपडे व ब्यूटी एक्सेसरीज से संबंधित व्यापार करती थीं अब के 'एआई' और 'एमएल' में भी स्टार्ट–अप प्रारम्भ कर रही हैं।

महिलाओं की वर्तमान कार्यशैली को देखते हुये कहा जा सकता है कि देश शीघ्र ही विकसित देश होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# चंबल रिवर फ्रंट–अद्भुत और अकल्पनीय



राजेंद्र भाणावत,

गतांक से आगे.......

यह तो बात हुई ईस्ट रिवर फ्रंट की, ईस्ट रिवर फ्रंट से "वेस्ट रिवर फ्रंट" या तो नाव से जा सकते हैं अथवा आप अपने वाहन में बैठकर वेस्ट रिवर फ्रंट के प्रवेश द्वार से प्रवेश कर सकते हैं। पश्चिमी रिवर फ्रंट भी उतना ही अनूठा है जितना ईस्ट रिवर फ्रंट है। इसमें भी विभिन्न प्रकार के घाट विकसित किए गए हैं जैसे जवाहर घाट, गीता घाट, शांति घाट, नंदी घाट। नंदी घाट पर शायद विश्व की सबसे बड़ी नंदी की मूर्ति बनाई गई है। इसके बाद वैदिक, रोशन, घंटी और तिरंगा घाट का निर्माण किया गया है। यहीं पर चंबल नदी में एक उभरा हुआ मंच बनाया है जिस पर राजस्थान के विभिन्न लोक नृत्य का प्रदर्शन निरंतर चलता रहता है। शौर्य घाट पर राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ढूंढाड़, मेवाड़ , वागड़ ,मारवाड़, शेखावाटी , हाड़ौती आदि क्षेत्रों की स्थापत्य कला के अत्यंत सुंदर नमूने बनाया गए है। ऐसा प्रावधान है कि प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट व्यंजनों का स्वाद भी यहां पर पर्यटकों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके आगे जुगनू घाट है जहां आप एल ई डी लाइटों का सुंदर बगीचा देख सकते हैं। उसे देखकर भ्रम होता है कि ये प्राकृतिक फूलों का उद्यान है। यहां तक कि ट्यूलिप गार्डन तक एल ई डी लाइटों का बना दिया गया है। सुंदरता में यह विश्व के किसी भी पर्यटक स्थल को टक्कर देने की क्षमता रखता है। यदि आप इस रिवर फ्रंट के एक छोर से दूसरी छोर तक जाएं ,विशेष कर रात्रि के समय, तो ऐसा लगता है कि आप किसी कल्पना लोक में विचरण कर रहे हैं।

चंबल नदी के किनारे प्रकाश की अनुपम व्यवस्था ,इसे भव्यता प्रदान करती है। जिस प्रकार की अनुभूति आपको यहां होती है, उसे केवल महसूस ही किया जा सकता है, उसका शब्दों में वर्णन करना संभव नहीं है। यदि किसी को यह अनुभव प्राप्त करना हो तो उसे कोटा जाकर दो दिन शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक रिवर फ्रंट पर समय बिताना होगा। रिवर फ्रंट पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां पर विभिन्न प्रकार की फिल्मों की शूटिंग की जा सकती है, कई प्रकार के समारोह एवं भोज आयोजित किए जा सकते हैं। इस हेतु आप आवश्यक शुल्क जमा कर के इस अद्भुत दृश्य का आनंद ले सकते हैं। अच्छा होता,यदि जयपुर में आयोजित आईफा 2025 में भाग लेने आए कुछ निदेशकों एवं कलाकारों को कोटा रिवर फ्रंट का एक दिन का भ्रमण करा दिया जाता।

राजस्थान की प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं का भी विवरण स्थापत्य कला के माध्यम से यहां प्रस्तुत किया गया है। ऐसी ऐसी व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक देश के विशिष्ट निर्माण के पास में उससे से संबंधित थीम आधारित रेस्तरां का निर्माण किया जाएगा ताकि लोगों को वहां बैठकर उसी देश में होने का अनुभव हो सके और उसी देश की स्थापत्य कला ,संगीत ,भोजन आदि का आनंद उठाने का अवसर भी मिल सके। चंबल रिवर फ्रंट की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर राजस्थान का लोक संगीत निरंतर आपको सुनाई देता है। साथ ही कलाकारों द्वारा राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के नृत्य का प्रदर्शन निरंतर शाम पांच बजे से रात्रि दस बजे तक चलता रहता है।

प्रकाश की भव्यता, स्थापत्य कला के उत्कृष्ट नमूने और कलाकारों का प्रदर्शन, कुल मिलाकर ऐसा अद्भुत नजारा प्रस्तुत करते हैं, जो आप जीवन भर नहीं भूल सकते। इस रिवर फ्रंट को बने लगभग डेढ़ वर्ष हो चुका है किंतु अभी तक यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या सीमित है। इसका मुख्य कारण इस नव विकसित स्थल का राज्य सरकार एवं मीडिया द्वारा पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं किया जाना है। शायद इस कारण कि यह रिवर फ्रंट गत सरकार के समय बनाया गया और उसका प्रचार प्रसार करने से, वर्तमान सरकार को यह लगता है, कि पूर्व सरकार की प्रशंसा होगी।

हमारे राजनीतिज्ञों को अपने दलीय स्वार्थ से ऊपर उठकर कोटा में जो उत्कृष्ट पर्यटक स्थल बना है, इसका विश्व स्तर पर प्रचार प्रसार करना चाहिए। इससे न केवल कोटा एक प्रमुख पर्यटन स्थल की तरह स्थापित होगा अपितु आने वाले पर्यटकों से राज्य की आर्थिक प्रगति में भी सहायता मिलेगी। यदि सरकार चाहे तो यहां पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में कई गुणा वृद्धि हो सकती है। यह इसलिए भी अत्यधिक आवश्यक है कि कोटा की अब तक की छवि एक पर्यटक स्थल के रूप में नहीं रही है। इसे अब स्थापित करने का सुनहरा अवसर है।

पर्यटन विभाग को चाहिए कि वह एक पर्यटन सर्किट बनाए जिसमें झालावाड़ का गागरोन किला, दरा अभ्यारण , बूंदी का किला ,मुकुंदरा टाइगर अभ्यारण्य एवं कोटा के नव विकसित रिवर फ्रंट को शामिल करे। वर्तमान में इसके संधारण पर पूरा व्यय कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है ,जो लंबे समय तक संभव नहीं है। इस उत्कृष्ट निर्माण का ठीक तरह संधारण करने के लिए बहुत धनराशि व्यय करने की भी आवश्यकता होगी। यह तब ही संभव है जब इसे संचालित और संधारित करने हेतु किसी दक्ष और उत्कृष्ट अनुभवी निजी एजेंसी को लंबे समय के लिए सौंपा जाये।

यदि इस बारे में शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया और इसका संधारण नहीं हुआ तो इस पर खर्च हुए 1200 करोड रुपए व्यर्थ होते अधिक समय नहीं लगेगा। फलस्वरूप एक महत्वाकांक्षी परियोजना शीघ्र ही एक गंदगी के ढेर और खंडहर में बदल जाएगी। आशा की जानी चाहिए कि राज्य सरकार इस नव विकसित विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के महत्व को देखते हुए क्षुद्र मानसिकता से ऊपर उठकर इस भव्य उपलब्धि को विभिन्न संचार माध्यमों से जन–जन तक पहुंचाएगी। यदि कोटा में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन जाए ,तो यहां पर बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भी, इससे आकर्षित होकर यहां पर आ सकते हैं। कोटा में एक ऑक्सीजोन पार्क का विकास भी किया गया है जो एक अतिरिक्त आकर्षण कोटा में हुआ है।


यह अच्छा पार्क है, जहां विभिन्न प्रकार की सुविधाएं विकसित की गई हैं जो शुद्ध वायु और ऑक्सीजन नागरिकों और पर्यटकों को उपलब्ध कराती है। इसे सिटी पार्क का नाम दिया गया है। वर्तमान में सिटी पार्क के लिए प्रवेश शुल्क100 रुपए तथा रिवर फ्रंट के लिए प्रवेश शुल्क कल 200 है। यह एक प्रकार से चार डॉलर होता है, जबकि यही आकर्षण विश्व के किसी अन्य देश में होता ,तो इसका प्रवेश शुल्क कम से कम 50 अर्थात लगभग 5000 होता। आशा है सरकार रिवरफ्रंट की पर्यटकीय संभावना को देखते हुए इसका जोर शोर से, सभी संचार माध्यमों से, प्रचार करेगी ताकि अधिकाधिक पर्यटक कोटा आएं और राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान करें।

**राजेंद्र भाणावत, पूर्व आईएएस**
**पूर्व निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान**

# नौंवी कक्षा के दौरान ही स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे पं.भवानी सहाय शर्मा



डॉ. डी. सी. मीना



पं.भवानी सहाय शर्मा

शेर–ए–राजस्थान के नाम से प्रसिद्ध पंडित भवानी सहाय शर्मा का जन्म माता जीवनी एवं पिता रामचन्द्र शर्मा के यहां अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में 21 मार्च 1909 को हुआ। इनके पिता पंडित रामचन्द्र रेल विभाग में बांदीकुई कस्बे में गार्ड के पद पर कार्यरत थे। भवानी सहाय ने प्रारंभिक शिक्षा राजगढ़ में तथा मिडिल तक की शिक्षा बांदीकुई से प्राप्त की। मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिल्ली के रामजस कॉलेज में दाखिला लिया। भवानी सहाय 1926 में कक्षा 9वीं में पढते थे, उसी समय उन्हे ऐतिहासिक एवं राजनीतिक पुस्तके पढने का शौक हुआ। आनंद मठ उपन्यास ने भवानी सहाय को राष्ट्रवाद के प्रति प्रेरित किया। चांद का 'फांसी अंक' और 'भारत में अंग्रेजी राज' 'पेशावर से मास्को' 'रंगभूमि' जैसी पुस्तकें पढकर वो राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति और मुखर हो गये। इसी समय उनका परिचय कैलाशपति नामक क्रांतिकारी से हुआ जो तत्समय हिन्दुस्तान सोशियलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) की दिल्ली शाखा के ऑर्गेनाइजर थे।

हिन्दुस्तान सोशियलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन दल में अनुशासन एवं गोपनीयता के नियम बहुत कठोर थे। पं.भवानी सहाय को लगातार छ: माह तक उक्त दल की कठिन परीक्षा से गुजरने के पश्चात ही दल में शामिल किया गया। उनकी गतिविधियों पर गुप्तचर एजेंसियों को संदेह होने लगा तो उन्होंने छात्रावास छोड़ दिया और किराये पर कमरा लेकर रहने लगे। दल की ओर से पं.भवानी सहाय को दिल्ली आने जाने वाले सदस्यों के आवास एवं सुरक्षा का काम सौंपा गया था। चन्द्रशेखर आजाद स्वंय भी एक रात पं.भवानी सहाय के कमरे पर रूके। सन् 1927 में पं.भवानी सहाय को हिन्दुस्तान सोशियलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की दिल्ली शाखा का सहायक ऑर्गेनाइजर नियुक्त किया गया। जब लाहौर षडयंत्र केस में जयदेव कपूर की गिरफ्तारी हुई तो जयदेव कपूर के कोट की जेब से भवानी सहाय का नाम एवं पता लिखा एक पर्चा मिला। इस पर्चे में अंकित पते पर पहुंचकर पुलिस निरीक्षक पं.भवानी सहाय के भाई देवी सहाय को लेकर पं.भवानी सहाय के पते पर दिल्ली पहुंचे जहां पुलिस निरीक्षक ने पं.भवानी सहाय से गम्भीर पूछताछ की लेकिन वो अपनी चतुराई से बच गये तथा पुलिस निरीक्षक ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। जब बड़े भाई को पं.भवानी सहाय की क्रांतिकारी गतिविधियों के बारे में पता चला तो उन्होने यह राह छोड़कर घर बसाने की सलाह दी तो पं.भवानी सहाय ने उत्तर दिया कि "अब मेरे जीवन का एक ही लक्ष्य है भारत माता को आजाद कराना।"

पं.भवानी सहाय की निष्ठा एवं समर्पण से चन्द्रशेखर आजाद अत्यधिक प्रभावित थे। इसलिए आजाद ने उन्हे स्वंय पिस्तौल चलाना सिखाया। पं.भवानी सहाय अपने साथियों के साथ दिल्ली के समीप नलगढ में हथयारों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे। मवाना (मेरठ), टाटेरी (बागपत), हापुड, बलूचपुर इत्यादि पं.भवानी सहाय के गुप्त सुरक्षित ठिकाने थे। पं.भवानी सहाय प्रथम बार 28 अगस्त, 1931 को दिल्ली षडयंत्र केस के फरार क्रान्तिकारी के रूप में गिरफ्तार किये गये लेकिन प्रशासनिक एवं वित्तीय कारणों से मुकदमा ना चलाकर धारा 110 सीआरपीसी का मुकदमा बनाकर 10,000 रूपये की जमानत पर रिहा कर दिया। इसी दौरान लोथेन ट्रेन आउटरेज केस में इनकी संदिग्ध भूमिका के आधार पर 26 फरवरी, 1932 को उन्हें "स्पेशल पावर आर्डिनेंस" की धारा 3 में हिरासत में लिया गया। पं.भवानी सहाय कुख्यात क्रान्तिकारी संगठन हरबंधु समाजदार पार्टी से बहुत गहरे से जुडे हुए थे। अगस्त 1931 में उनकी गिरफ्तारी के समय जो 'साईकिल' उनसे बरामद की गई थी, वह हरबंधु समाजदार पार्टी की थी तथा जो 'घड़ी' बरामद की गई थी, वह हरबन्धु समाजदार पार्टी के क्रान्तिकारी मंतोष की थी।

पं.भवानी सहाय ने सन् 1933 में जेल प्रशासन से बेनिटी कॉलेज शीफिल्ड (ब्रिटेन) से पत्राचार के माध्यम से मैकेनिकल इंजीनियरिंग का कोर्स करने की अनुमति मांगी जिसे संयुक्त प्रांत के मुख्य सचिव श्री जे.एम.क्ले ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 1. पत्राचार को सेंसर करना पडेगा जिसके लिए जेल अधीक्षक जैसे अति व्यस्ततम व्यक्ति के पास समय नहीं है। 2. प्रस्तावित अध्ययन को आगे बढाने के लिए कैदी को संभवतय उन उपकरणों के उपयोग की अनुमति देनी होगी जो उसे सौंपना सुरक्षित नहीं है 3. आतंकी गतिविधियों में सम्मिलित होने के कारण वह इस ज्ञान का अन्यथा उपयोग कर सकता है। 3 अगस्त 1933 को भवानी सहाय ने गर्वनर जनरल को पत्र लिखकर निवेदन किया कि उन्हें बिना ट्रायल के संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। देश की राजनीतिक परिस्थितियां बदल रहीं हैं तथा प्रतिदिन निर्दोष बन्दियों को रिहा किया जा रहा है तथा प्रार्थी का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। अत: प्रार्थी को अनिश्चतकालीन अवधि की हिरासत से रिहा किया जावे। उक्त प्रार्थना पत्र को गर्वनर जनरल द्वारा 24 जनवरी 1934 को अस्वीकृत कर दिया गया। नैनी जेल में भर्ती होने पर भवानी सहाय का वजन 129 पाउण्ड था जो लगभग 06 माह तक बीमार रहने के कारण घटकर 110 पाउण्ड रह गया। 29 जनवरी 1934 को जेल अधीक्षक ने आई.जी. जेल उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर कहा कि पिछले 06 माह से उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है तथा अब उनका वजन 123 पाउण्ड हो गया है। भवानी सहाय ने 17 मई 1933 को नैनी जेल से अपने बडे भाई को पत्र लिखकर अवगत कराया कि "स्वास्थ्य अभी बिल्कुल अच्छा नहीं है.....आप किस कारण से मुझ अभागे को मिलने नहीं आये.....आप नहीं आ सके तो कृपया मेरी घडी डाक द्वारा भेज देना......मुझे उसके बिना अपने नेयम से रहने में बहुत कष्ट होता है।" भवानी सहाय नैनी जेल में "व्यथित" नाम से साहित्य सृजन करते थे। उन्होंने अपने भत्तों में से पैसे बचाकर 'रेमिंग्टन रैण्ड' का हिन्दी टाइपराइटर खरीदा, स्टेट प्रिजनर की हैसियत से अपने लैटर हैड छपवाये।

भवानी सहाय ने 1938–39 में अनेक कविताएं लिखीं जिनमें 'गत यौवन' 'जुगनू की ज्योति' 'गीतिका' 'अश्रुधारा' 'संध्या' 'भौंरे का कली के प्रति' 'वृक्ष का पुष्प के प्रति' 'बसन्त प्रभात' 'उलझन' 'रजनी' 'अविरल आंसू' 'भ्रमरगान' 'भगनदूत के प्रति' 'रोलो अपने अन्तस्थल में' 'चाह नहीं कुछ तुमसे पाउं' 'व्यथा' 'आज बने हो क्यों उन्मन' 'बाल विधवा' 'पनहारिन' 'अभिलाषा' इत्यादि कविताएं प्रमुख हैं।

भवानी सहाय के भाई देवी सहाय ने महात्मा गांधी को भवानी सहाय को रिहा करवाने के संबंध में लिखे गये पत्र के प्रत्युत्तर में महात्मा गांधी ने 24 फरवरी 1938 को पत्र द्वारा लिखा कि "भाई देवीसहाय, सब कैदियों के लिए मेरी कोशिश तो चल रही है"। इसी क्रम में 25 मार्च 1938 को विधानसभा में मोहन लाल सक्सैना द्वारा तीनों राज्य कैदियों श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा, श्री वैशम्पायन एवं भवानी सहाय शर्मा की रिहाई के संबंध में उठाये गये प्रश्न के उत्तर में सरकार द्वारा जवाब दिया गया कि "जब तक लोकहित में उचित समझा जाएगा इनको हिरासत में रखा जायेगा"। अंग्रेजों द्वारा उक्त कैदियों की रिहाई के लिए अनुचित मांगों को नहीं मानने पर 11 जनवरी 1939 को लाल बहादुर शास्त्री ने दिल्ली जेल में भवानी सहाय को पत्र लिखकर उनके साहस की प्रशंसा की, साथ ही रिहा नहीं होने पर दुख भी प्रकट किया। उन्होंने सुझाव दिया कि वर्तमान परिस्थितियों में अहिंसा के द्वारा ही कार्य हो सकता है। 16 मार्च 1939 को विधानसभा में श्री मोहन लाल सक्सैना ने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से ज्वाला प्रसाद शर्मा, श्री वैशम्पायन एवं भवानी सहाय शर्मा का बिना ट्रायल चलाये हिरासत में रखने का मुद्दा उठाया। इस प्रकार देश में उनकी रिहाई का वातावरण तैयार हो रहा था।

जेल में भवानी सहाय के साथ अजमेर के श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा एवं झांसी के श्री वी. वैशम्पायन भी थे। श्री वैशम्पायन ने अपने संस्मरण "अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद" में लिखा है कि 1937 में श्री लाल बहादुर शास्त्री जी नैनी जेल के विजिटर नियुक्त किये गये थे। उस दौरान हमने श्री शास्त्री जी से जेल से रिहा करवाने हेतु निवेदन किया जिसके प्रत्युत्तर में शास्त्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उन्हें रिहा नहीं कर सकती, हमारा रिहाई का प्रश्न केन्द्र सरकार के अधीन है।


तब हमने केन्द्र सरकार को लिखित आवेदन किया कि हमें दिल्ली वापस भेजा जाये अन्यथा हम अपनी रिहाई के लिए अनशन करेंगे। इस पर 01 फरवरी 1938 को हमें दिल्ली भेज दिया गया। दिल्ली जाकर हमने पुन: केन्द्र सरकार को पत्र लिखा कि हमें छोडा नहीं गया तो हम भूख–हडताल कर देंगे। इस पर केन्द्र सरकार द्वारा हमसे लिखित में हिंसात्मक कार्यवाही में भाग नहीं लेने तथा दिल्ली एवं पंजाब नहीं जाने का आश्वासन मांगा गया। ऐसा हमारे द्वारा कोई भी आश्वासन नहीं दिया गया तथा मैंने मेरे साथी ज्वाला प्रसाद शर्मा एवं भवानी सहाय शर्मा के साथ भूख हडतात प्रारंभ कर दी। उस समय कांग्रेस का त्रिपुरी अधिवेशन चल रहा था।

उसी अवसर पर गांधी जी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के प्रश्न पर भूख हडताल की थी। हमारी 23 दिन की भूख हडताल के पश्चात गांधी जी की मध्यस्थता से हमारा अनशन समाप्त हुआ और हम एक सप्ताह के अन्दर ही 19 मार्च 1939 को छोड दिये गये। जेल से रिहा होने के पश्चात जीविका चलाने हेतु भवानी सहाय ने दिल्ली के कनाट पैलेस में 'न्यू मैन एण्ड कम्पनी' नाम से घडीसाजी का कार्य प्रारम्भ किया एवं हैडफोन का निर्माण किया। वर्ष 1941 में भिवाणी के स्वतंत्रता सेनानी श्री नेकीराम शर्मा की पुत्री विद्यादेवी शर्मा से उनकी शादी हुई। उसके बाद भवानी सहाय ने स्वतंत्रता प्राप्ति तक अपने निवास स्थान राजगढ़, अलवर में प्रजामण्डल आन्दोलन एवं आजादी की लडाई को जारी रखा। राजगढ़ में उन्होंने बिजलीघर, चक्की तथा सूत कताई हेतु बॉबिन फैक्ट्री की स्थापना की। भवानी सहाय राजगढ़ नगरपालिका के अध्यक्ष रहे तथा थानागाजी से राजस्थान विधानसभा के 05 वर्ष तक सदस्य रहे।

15 अगस्त 1972 को प्रधानमंत्री के हाथ से दिल्ली में ताम्र पत्र स्वीकार करते हुए श्री भवानी सहाय ने कहा कि "क्रान्तिकारी कहलाने वाला आदमी केवल इस बात को अपना गौरव समझता था और अपने जीवन का सबसे बडा पुरस्कार मानता था कि उसका जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित हो जाये। सरफरोशी की तमन्ना उसकी एकमात्र तमन्ना थी, मातृभूमि उसकी एकमात्र देवी थी और स्वतंत्रता उसका एकमात्र लक्ष्य"। उत्तरी भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी पं.भवानी सहाय शर्मा का 7 अक्टूबर 1985 को जयपुर में लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया।

**–डॉ. डी. सी. मीना,**
**आर.ए.एस.**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 21 मार्च, 2025

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 1:46 तक, सिद्धि योग सायं 6:41 तक, विष्टि करण दिन 3:35 तक, चन्द्रमा रात्रि 1:46 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मिथुन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 1:46 तक है। आज भद्रा दिन 3:35 तक है। आज शीतला माता पूजन, बास्योडा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:04 तक, लाभ–अमृत 8:04 से 11:04 तक, शुभ 12:34 से 7:04 तक, चर 5:04 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:34, सूर्यास्त 6:35

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से आवश्यक कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आज अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा।

**सिंह**
घर–परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक परेशानी अभी बनी रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिजनों से सहयोग मिल सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

## पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग

**खेतड़ी,** (निसं) खेतड़ी उपखंड के कृष्ण नगर के ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय स्थापित करने की मांग की है। पंचायत समिति में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करवाया है। ग्रामीणों नेबताया कि श्रीकृष्ण नगर व शिव नगर बडाऊ ग्राम पंचायत में आते है, ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गांव के ग्रामीण श्री कृष्ण नगर को ग्राम पंचायत बनाने की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण नगर व शिव नगरकीआबादी करीब पांच हजार से अधिक है जिसके चलते ग्रामपंचायतबनने के लिए जो मापदंड चाहिए पुरे करता है। नथूराम शर्मा, रामअवतार श्री कृष्ण नगर को ग्राम पंचायतबन जाती है तो ग्रामीणों को काफी लाभ प्राप्त होगा।

# नि:स्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा व संरक्षण के लिए किया गया कार्य अनुकरणीय : सुराणा

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने विश्व गौरैया दिवस पर गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र सभागार में 'गौरेया बचाओ अभियान' जन जागरूकता साइकिल रैली-2025 में प्रतिभागियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास, नेचर इनवायरमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, दौलत तंवर, श्रीकांत आत्रेय आदि मंचस्थ अतिथि थे। अतिथियों ने गौरैया बचाओ अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली में प्रतिभागी राजेश कुमार व जितेंद्र कुमार का दुपट्टा पहनाकर, माल्यार्पण कर व अभिनंदन पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। श्रीकांत आत्रेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पक्षियों और प्रकृति को देखकर मन प्रफुल्लित होता है। हम इनके संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एप्रिशिएट करें।

निस्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा व संरक्षण के लिए किया गया कार्य अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्पित होकर प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, संवर्द्धन करें। सभी के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आएंगे।

नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी द्वारा पक्षी संरक्षण की दिशा में साइकिल जागरूकता रैली का जिले भर में आयोजन एक सराहनीय पहल है। लोगों को गांव-गांव जाकर पक्षी, पर्यावरण व

**■ गौरैया बचाओ अभियान जागरूकता रैली का हुआ समापन**

पारिस्थितिकी संरक्षण के बारे में जानकारी देना एक सकारात्मक मुहिम है। हम सभी को इस मुहिम से जुड़ना चाहिए।

हम लोगों को मोटिवेट करें तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतिबद्ध प्रयास करे। सड़कों के किनारे, सार्वजनिक स्थानों, घरों, खेतों आदि जगहों पर अधिकाधिक पेड़ लगाए तथा उनके सर्वाइवल के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि हर ग्राम पंचायत स्तर पर बायोडायवर्सिटी कमेटी संचालित की जाती है। हम प्रयास करें कि कमेटी को एक्टिवेट करें। इसी के साथ सभी स्कूलों में इको क्लबों को एक्टिवेट किया गया है। इको क्लब के माध्यम से वेस्ट मैनेजमेंट व पर्यावरण संरक्षण आदि गतिविधियां करवाई जा रही है।

मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद व्यास ने कहा कि हम गौरैया से ही प्रकृति से मुखातिब होते हैं। हमें गौरैया और पक्षियों को बचाने की आवश्यकता है, क्योंकि हमने उनके घरों पर अतिक्रमण कर लिया है। हम संकल्पित होकर प्रयास करें तथा पक्षियों के लिए परिंडे, घोंसले लगाएं।

विशिष्ट अतिथि दौलत तंवर ने कहा कि पक्षियों के संरक्षण की दिशा में सोचना आज की आवश्यकता है। पक्षी, पर्यावरण व पारिस्थितिकी से ही मनुष्य का अस्तित्व संभव है। प्रतिभागी जितेन्द्र कुमार व राजेश कुमार ने सम्पूर्ण यात्रा के दौरान अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जिलेभर में आमजन को पक्षी व पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करें। प्रकृति वंदन वृक्षारोपण अभियान संयोजक नीरज जांगिड़ व लोकेश सैनी ने भी प्रतिभागियों का सम्मान किया। गौरतलब है कि जनजागरूकता साइकिल रैली तालछापर से रवाना होकर सुजानगढ़, सालासर, रतनगढ़, सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़ होते हुए गुरूवार को चूरू जिला मुख्यालय पहुंची। इस दौरान पार्थ सोनी, शंकरलाल सारस्वत, हरिप्रसाद जोशी, कन्हैयालाल सेन, बृजदान सामौर, बाबूलाल, सुरेन्द्र सिंह ऊंटवालिया, भंवरलाल रुहिल, हेमंत सोनी, प्रो. सुमेर स्वामी, उम्मेद सिंह राठौड़, प्रमोद गौड़, रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह, संजय गोयल, बजरंग मीणा, सिकंदर खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

## निर्माणाधीन अपना घर आश्रम में बैठक आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)संगम चौराहे के पास नुवां रोड पर निर्माणाधीन अपना घर आश्रम के प्रांगण में गत बुधवारकी संध्या समिति के सदस्यों नगर के गण मान्यजनों की निर्माण में सहयोग हेतु एक बैठक आश्रम समिति के अध्यक्ष डॉ. विजयप्रकाश गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक वार्ता में बताया गया कि आश्रम के निर्माण की लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये होगी। जिसमें अभी तक डॉ. गोयल ने अपनी सवा तीन बीघा जमीन और निर्माण में सतावन लाख रुपए का निर्माण सहयोग कर चुके हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे । बैठक के दौरान समाजसेवी शुभकरण बैंद द्वारा डायनिंग हाल के लिए आठ लाख रुपए इसी क्रम में देवकिशन सेवा संस्थान की ओर से कांग्रेस नेता इंद्राज खीचड़ ने दस लाख रुपए, समाजसेवी कमल बोथरा, पन्नालाल सिपानी परिवार, लक्ष्मण कंदोई, ओमप्रकाश शर्मा, सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी अशोक भार्गव, लीलाधर सराफ, लादूराम राम रामलाल थोरी, डॉ. गोपालदत्त शर्मा, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, लक्ष्मीनिवास ललिता देवी व्यास की ओर से प्रति दान दाताओं ने एक लाख रुपए देने की सहमति प्रदान की। रतनगढ़ ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मुरारका, प्रताप बोथरा व नरेंद्र झंवर ने भी संगठन की ओर से सहयोग करने की सहमति दी। आश्रम का निर्माण लावारिस,असहाय और बीमार लोगो की सेवा हेतु किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष डॉ गोयल ने आश्रम की रूपरेखा विस्तार से अवगत कराया और सभी का आभार प्रकट किया।बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज खीचड़, विश्वनाथ सोनी ने डॉक्टर गोयल के दूरदर्शी चिंतन,वृद्धजनों के सम्मान पूर्वक जीवन के प्रति उनकी भावनाओं का आभार प्रकट किया और कहा की सेवा कार्यों के लिए नगर में दानदाता बहुत है कोई कमी नहीं रहेगी। इस अवसर पर दीनदयाल खेतान, रामरतन प्रजापत,देवेंद्र यादव,सुरेश मुरारका, नंदकिशोर भार्गव, महावीर रामगढिया, राधेश्याम पारीक,लीलाधर सराफ अनूप जोशी, राजकुमार सैनी, उम्मेद मिश्रा सहित अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।बैठक का संचालन समिति के सचिव कुलदीप व्यास ने किया।

**खोया-पाया**

मैं शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि कस्बा पिलानी में नगरपालिका विद्या विहार के वार्ड नं. 16 में मेरे मकानात स्थित है तथा मेरे उक्त मकानात के इकरारनामा/विक्रय पत्र के दस्तावेज मेरे से कहीं गुम हो गए है। भविष्य में यदि ये दस्तावेज मुझे मिलते है तो मैं इनका दुरूपयोग नहीं करूंगी और नगरपालिका विद्या विहार में अविलम्ब जमा करवा दूंगी। मैंनें मेरे मकानात का पट्टा बनवाने के लिए नगरपालिका विद्या विहार में आवेदन किया है, मकानात का मैं मालिकाना हक रखती हूं। इस संदर्भ में कोई वाद-विवाद पाया जाता है तो नगरपालिका विद्या विहार को मेरा पट्टा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। पट्टे की समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

माया सैन पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सैन जाति नाई, निवासी वार्ड नं. 16 नगरपालिका विद्या विहार, पिलानी

**बेदखली सूचना**

मुझे मदनसिंह पुत्र नेकीराम जाति जांगिड़ निवासी घणाऊ तहसील सिद्धमुख जिला चूरू ने अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है जिसकी ओर से मैं सर्वसाधारण को निम्न प्रकार से सूचित कर रहा हूं :- यह कि मेरे मुव्वकिल का पुत्र सुनील कुमार मेरे मुव्वकिल के कहने-सुनने में नही है जो आए दिन मेरे मुव्वकिल से लड़ाई-झगड़ा करता रहता हैं। मेरे मुव्वकिल का पुत्र सुनील कुमार एक शराबी प्रवृति का व्यक्ति हैं जो आवारा घूमता रहता हैं और पराई लड़कियों के सम्पर्क में रहता हैं। मेरे मुव्वकिल का पुत्र सुनील कुमार हर समय मेरे मुव्वकिल के साथ मारपीट कर मेरे मुव्वकिल को प्रताड़ित करता रहता हैं। मेरे मुव्वकिल का समझाने का मेरे मुव्वकिल के पुत्र सुनील कुमार पर कोई असर नहीं होता है। इस कारण मेरा मुव्वकिल अपने पुत्र सुनील कुमार से अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपने पुत्र सुनील कुमार को अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति से बेदखल करता है। आज के बाद से मेरे मुव्वकिल का अपने पुत्र सुनील कुमार से कोई संबंध नहीं है तथा सुनील कुमार का भी मेरे मुव्वकिल की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति में किसी प्रकार का कोई हक-हिस्सा नहीं है। अतः सर्वसाधारण को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि अगर मेरे मुव्वकिल का पुत्र सुनील कुमार मेरे मुव्वकिल का नाम लेकर या स्वंय कोई लेन-देन का या अन्य संव्यवहार किसी व्यक्ति, संस्था आदि से करता है, तो इसमें मेरे मुव्वकिल व मेरे मुव्वकिल के परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। दिनांक-20.03.2025

भवदीय- बलवान प्रजापत एडवोकेट न्यू कोर्ट कैम्पस राजगढ़, पो. सादुलपुर,चूरू (राज.)

**आम सूचना**

AU Small Finance बैंक शाखा राजगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार पुत्र धर्मपाल जाट निवासी सिद्धमुख, राजगढ़, चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद तदादी-204 वर्ग फीट प्लाट नं-44 वाके ग्राम सिद्धमुख, राजगढ, चूरू को AU Small Finance बैंक शाखा राजगढ़ में रहन रख कर वित्तिय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त संपत्ति प्रार्थी ने जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 06.02.2025 को कमला W/O मोहम्मद अब्दुल शकुर से क्रय की थी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी बैंक, वित्तीय संस्थान व किसी व्यक्ति विशेष को उक्त संपत्ति बाबत या उक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित कोई वाद-विवाद या उजर-आपत्ति हो तो अगले 07 दिवस में AU Small Finance बैंक शाखा राजगढ़ के ब्रांच मैनेजर या ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें, बाद गुजरे मियाद दी गयी आपत्ति अमान्य समझी जावेगी।

भवदीय-
भरत व्यास एडवोकेट सरदारशहर
मो.नं.- 7877470007, 7877480007

## बच्चों में शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करें : शर्मा

**चूरू** (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना चूरू (शहर) की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को पार्वती भवन में समारोह पूर्वक हुआ।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी चन्द्रकला शर्मा थी। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अति. प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह थे। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक शशिकला शर्मा व रेखा कंवर ने आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार द्वारा 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन व 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सुदृढीकरण के लिये पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के लिये कार्यकर्ताओं में क्षमता संवर्धन विकसित किया गया।

# जिला कलेक्टर शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनी

**सीकर** (निसं)। राज्य सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप पीडित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 57 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए 2 प्रकरणों का मौके परही निस्तारण करने के साथ ही शेष प्रकरणों में निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुंधाश पंत ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के

**■ जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित**

गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये।

जनसुनवाई के दौरान परिवादी सुनील कुमावत शिश्यू ने रामनगर में अवैध खुर्रा निर्माण हटाने, नाथूसर में पेयजल समस्या का निराकरण कराने, पटवारी का बास के महावीर ने भूमि से अतिक्रमण हटाने, भोजासर ग्राम पंचायत के डालमास की अनिता ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं होने, परडोली से किरडोली तक 6 किलोमीटर की सड़क का निर्माण करवाने सहित 57 परिवाद प्राप्त हुए, जिन पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने आमजन से जुडी विभागीय समस्याओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के परिवाद ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जे.पी गौड़, सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, एसई एवीवीएनएल अरूण जोशी, एसई पीएचईडी आरके राठी,अधीशाषी अभियन्ता रामकुमार चाहिल, एडीईओ रामचन्द्र बगड़िया, सहायक निदेशक राकेश कुमार गढ़वाल, एसई पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, उपखण्ड अधिकारी सीकर निखिल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, परिवादी मौजूद रहे।

## शीतला माता मंदिर में मूर्ति स्थापना की

**कोलसिया,** (निसं)। कोलसिया के स्वर्गीय बनारसीदेवी पत्नी स्व. पंडित गजानंद की स्मृति में पंडित रामगोपाल रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट पढेडो की हवेली द्वारा शीतला माता मंदिर का निर्माण करवाया और बुधवार को पंडित सूर्यकांत शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापना करवाई गई। इस अवसर पर सरपंच पति महेश पारीक, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शिंभूराम दूत, प्रेमचंद दूत, करणीराम दूत, राधेश्याम शर्मा, रतनलाल शर्मा अध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण समाज सीकर आदि मौजूद थे।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर**

क्रमांक :-3812 दिनांकः- 18.03.2025

**निविदा सूचना संख्या 24/वर्ष 2024-25 (NIB Code No. PWD2425A4724)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों द्वारा एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / के लो.नि.वि./डाक एवं दूरसंचार / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के संवेदकों के समकक्ष (पी.डब्ल्यू.एफ. एण्ड ए. आर. के नियमों) हो उनसें निर्धारित प्रपत्र में विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 26.03.2025 तक दोपहर 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र उसी दिन दिनांक 26.03.2025 की मध्यान्ह 04.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त कर उसी समय उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यों की संख्या 7 कुल लागत 13.84 लाख ।

UBN No. 1. PWD2425WSOB17053, 2. PWD2425WSOB17054, 3. PWD2425WSOB17055 4. PWD2425WSOB17056, 5. PWD2425WSOB17057, 6. PWD2425WSOB17058 7.PWD2425WSOB17059

(शैलेश कुमार पाठक)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/4038/2025

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :– न.पा.ता/2024–25/7918 दिनांक :– 18.03.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने 69ए नियमन सरेण्डर, पट्टा नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओकारमल सरावगी पुत्र जयनारायण सरावगी | 30 | 213748 | 4499 | 90.87 | 69ए सरेण्डर |
| 2. | सहीराम सिहाग पुत्र पूर्णाराम सिहाग | 16 | 124344 | 213 | 211.79 | पट्टा नामान्तरण |
| 3. | विरेन्द्र सिंह पुत्र गजराज सिह | 20 | 123499 | 214 | 27.86 | पट्टा नामान्तरण |
| 4. | साबिर हुसैन, रसीद मोहम्मद, मोहम्मद आरिफ पुत्राण मोहम्मद तैयब | 11 | 123505 | 215 | 268.79 | पट्टा नामान्तरण |
| 5. | कुमेर सिंह राजपूत पुत्र लिछमणसिंह | 20 | 60 | 160 | 50.16 | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 6. | साबिर हुसैन, रसीद मोहम्मद, मोहम्मद आरिफ पुत्राण मोहम्मद तैयब | 11 | 61 | 159 | 151.73 | भवन निर्माण स्वीकृति |

राज.संवाद/सी/24/13607 अधिशाषी अधिकारी



# बीकानेर : मकान में एक ही परिवार के तीन लोगों के शव मिले

## बिजनेसमैन का शव कमरे में हुक से लटका मिला, जबकि पत्नी, बेटी की लाश फर्श पर पड़ी थी

- शव 10 दिन से ज्यादा पुराने हैं, बिजनेसमैन की बॉडी तो कंकाल बन चुकी थी, वहीं मां-बेटी के शव गल चुके थे
- आशंका है कि पति-पत्नी, बेटी ने सामूहिक आत्महत्या की है, पुलिस मामले की जांच कर रही है

**बीकानेर,** (निसं)। यहां बल्लभ गार्डन के मकान में एक ही परिवार के तीन लोगों के शव मिले हैं। बिजनेसमैन का शव कमरे की छत पर लगे हुक से लटका मिला, जबकि पत्नी और बेटी की लाश फर्श पर पड़ी थी। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया सामूहिक आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव 10 दिन से ज्यादा पुराने हैं। बिजनेसमैन की बॉडी तो कंकाल बन चुकी है। मां-बेटी के शव गल चुके हैं। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को फोन किया। फिलहाल तीनों शवों को जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, बल्लभ गार्डन में चिराग होटल के सामने वाली सड़क पर करीब 300 मीटर अंदर नितिन खत्री (50) का मकान है। इसी मकान में वह अपनी पत्नी रजनी (45) और बेटी जेसिका (18) के साथ रहते थे। मकान से बदबू आने पर पड़ोसियों ने रात पुलिस को खबर दी। पुलिस ने देखा कि नितिन का शव फंदे पर लटका है। पत्नी और बेटी के शव नीचे पड़े थे। फौरन एफएसएल और एमओबी की टीम मौके पर बुलाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में इलाके लोग इकट्ठे हो गए। एसपी कावेंद्र सिंह सागर, सीओ सदर आईपीएस विशाल जांगिड़ सहित तमाम पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। व्यास कॉलोनी पुलिस थाना एसएचओ सुरेंद्र पचार ने बताया कि तीनों शवों को पीबीएम हॉस्पिटल में रखवाया गया है। आशंका है कि पति-पत्नी, बेटी ने सामूहिक आत्महत्या की है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि पहले पत्नी और बेटी को नितिन खत्री ने मार डाला होगा। इसके बाद खुद फंदा लगा लिया होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

जानकारी के अनुसार नितिन खत्री की कॉलोनी में इलेक्ट्रिकल्स-सेनिट्री के सामान की दुकान थी। वल्लभ गार्डन में गली के ठीक सामने उनका मकान है। पिछले लंबे समय से इसी कॉलोनी में नितिन परिवार सहित रहते थे। नितिन के साथ उनकी पत्नी रजनी भी दुकान पर बैठा करती थी। बेटी जेसिका कॉमर्स की स्टूडेंट थी। पड़ोसियों ने बताया कि दुकान अच्छी चलती थी। इसलिए आर्थिक तंगी जैसी कोई बात नहीं है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि इस वारदात से पहले नीरज और उसकी पत्नी के बीच कुछ अनबन हुई थी। पुलिस आशंका जता रही है कि नीरज ने पत्नी और बेटी को मारकर सुसाइड किया है। वहीं नीरज का छोटा भाई अमित भी बीकानेर में रहता है। उसकी इलेक्ट्रॉनिक की शॉप है। वह दो दिन पहले ही गोवा गया था। देर रात उसे घटना की जानकारी दी गई।

# बाइक सवार तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

## सड़क पर बिखरे शवों के टुकड़े, एक युवक का सिर, धड़ से अलग हुआ, किसी ने हेलमेट नहीं पहना था

- बीकानेर-जयपुर हाइवे पर एक ही बाइक पर सवार चार युवकों को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी थी
- देर रात चारों ने एक होटल में खाना खाया, लौटते समय रात करीब दो बजे किसी अज्ञात गाड़ी की चपेट में आ गए, तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई
- सड़क हादसा ऐसी जगह हुआ है, जहां कोई सीसीटीवी फुटेज भी नहीं था

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर-जयपुर हाइवे पर बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। एक ही बाइक पर चार दोस्त सवार थे। इसमें से तीन की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक का सिर, धड़ से अलग हो गया। शवों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। चारों में से किसी युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ इलाके में हादसा देर रात करीब दो बजे हुआ है।

जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ स्थित हेमासर से दो किलोमीटर पहले नेशनल हाइवे-11 पर सड़क हादसा हुआ है। रेवंतराम (17) पुत्र भगवानाराम मेघवाल, जीतूराम (18) पुत्र अर्जुनराम मेघवाल, रामलाल (18) पुत्र छोटूराम मेघवाल निवासी गैरसर बीछवाल, नेमीचंद (17) पुत्र कानाराम मेघवाल निवासी शेरूणा एक ही बाइक से श्रीडूंगरगढ़ से गांव बापेउ जा रहे थे। इस हादसे में रेवंतराम, जीतूराम, नेमीचंद की मौत हो गई, जबकि रामलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इनको श्रीडूंगरगढ़ के उप जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने रामलाल की स्थिति को नाजुक बताते हुए बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया। तीनों शवों को श्रीडूंगरगढ़ के ही हॉस्पिटल में रखवाया गया है। गुरुवार सुबह इनके परिवार वाले हॉस्पिटल पहुंच गए थे। बीकानेर से 21 किलोमीटर दूर गंगानगर रोड पर स्थित गांव गैरसर के रहने वाले रेवंतराम अपने चचेरे भाई रामलाल व अपने पड़ोसी जीतूराम के साथ शाम को घर से निकला था। तीनों ने अपने शेरूणा निवासी दोस्त नेमीचंद को साथ लिया और श्रीडूंगरगढ़ आ गए। यहां देर रात चारों ने एक होटल में खाना खाया। लौटते समय रात करीब 2 बजे किसी अज्ञात गाड़ी की चपेट में आ गए। तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इनके क्षत-विक्षत शव सड़क पर बिखर गए। टक्कर के बाद तेज धमाका हुआ। इस दौरान खेतों में फसल की रखवाली कर रहे लेखराम सायच, सुल्तान दईया, लालचंद सिंवर और राजू पारीक दौड़कर मौके पर पहुंचे। सड़क पर शवों के टुकड़े बिखरे थे। लेखराम ने बताया कि संभवत: किसी बड़े वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी थी। एम्बुलेंस व पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना के बाद हेड कॉन्स्टेबल संदीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे व शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि सड़क हादसा ऐसी जगह हुआ है, जहां कोई सीसीटीवी फुटेज भी नहीं है। एक्सीडेंट करने वाली गाड़ी का पता किया जा रहा है। फिलहाल शव के पोस्टमॉर्टम के बाद ही इस पर काम होगा।

# बीएड कॉलेज की लेक्चरर 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## छात्रा से उसकी उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर देने की एवज में रिश्वत मांगी

- एसीबी की टीम भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच कर आरोपी महिला लेक्चरर मीनाक्षी से पूछताछ कर रही है

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जोधपुर शहर में कार्रवाई करते हुए एसएलबीएस बीएड कॉलेज की लेक्चरर मीनाक्षी को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि जोधपुर शहर में एसीबी की टीम को शिकायत मिली कि एसएलबीएस बीएड कॉलेज की लेक्चरर मीनाक्षी एक छात्रा से उसकी उपस्थिति पूरी करने और इंटर्नशिप के लिए रिलीविंग लेटर देने की एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रही है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जोधपुर शहर के एसीबी टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ की अगुवाई में एसीबी की टीम ने पूरी साजिश को नाकाम करते हुए आरोपी लेक्चरर को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाही में निरीक्षक पुलिस सुनिता कुमारी और उप अधीक्षक पुलिस किशन सिंह चारण भी शामिल थे।

एसीबी की टीम भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच कर आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। एसीबी अब यह भी सुनिश्चित करेगी कि इस मामले में अन्य किसी भी संदिग्ध की भूमिका को उजागर किया जाए और कठोर कदम उठाए जाएं।

# वरिष्ठ सहायक (रीडर) व दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोंक टीम ने कार्रवाई की

- लंबित वाद में स्टे आदेश करवाने की एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी

**जयपुर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टोंक टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय उपखण्ड अधिकारी नैनवा जिला बूंदी के वरिष्ठ सहायक (रीडर) मारूती नन्दन और सह आरोपी (दलाल) सफाईकर्मी लक्ष्मीकांत को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी टोंक टीम को पीड़िता ने शिकायत दी कि उसका उपखण्ड कार्यालय नैनवा में लंबित वाद में स्टे आदेश करवाने की एवज में वरिष्ठ सहायक (रीडर) मारूती नन्दन 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक झाबरमल ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ सहायक (रीडर) मारूती नन्दन और सह आरोपी (दलाल) सफाईकर्मी लक्ष्मीकांत को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## 300 किलो गांजा बरामद

**भरतपुर,** (निसं)। नारकोटिक्स विभाग और जिला स्पेशल टीम ने ट्रक में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 300 किलो गांजे को जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को लिया गया हिरासत में लिया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार सेवर थाना इलाके में नेशनल हाईवे पर स्थित लुधावई टोल प्लाजा पर कार्रवाई को दिया गया अंजाम दिया गया है। टीम द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. /निर्माण/2024-25/11239 दिनांकः- 18.03.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 26/2024-2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत/ स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत/ अन्य विभागो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | : NIB Code:- DLB2425A6638 (कुल 2 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2425WSOB21481, 21482 |
| बोली की कुल लागत | : Rs 22.21 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : दिनांक 19.03.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : दिनांक 19.03.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : दिनांक 01.04.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में बोली शुल्क व धरोहर राशि दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | : दिनांक 02.04.2025 को अपराह 15:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : दिनांक 03.04.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

राज.संवाद/सी/24/13580 अध्यक्ष नगर पालिका निवाई अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई



**कार्यालय नगर निगम जोधपुर (दक्षिण)**

क्रमांक :- एफ.10/2024-25/4331 दिनांक :- 18/03/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

UBN No.: DLB2425WSOB21525 महापौर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण आयुक्त, नगर निगम जोधपुर दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/13600



**कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी जिला केकड़ी (राज.)**

Email ID – npkekri2011@gmail.com, (O) : 01467-220002, 220019, web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक :- न.पा.के./मानव संसाधन/2024-25/4732 दिनांक :- 12/03/2025

**ई-निविदा (28/2024-25) (NIB NUMBER - DLB2425A6486)**

एतत् द्वारा है कि नगर परिषद केकडी द्वारा पंजीकृत पंजीकृत एनजीओ/संस्था/ फर्म/सप्लायर्स से पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा के कुल कार्य – 01 UBN NO. - 1. DLB2425SLRC20713

राज.संवाद/सी/24/13611 सभापति आयुक्त


## तस्कर गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। पुलिस थाना उदेई मोड की टीम ने एक आरोपी को 6.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बुधवार को उदेई मोड थाना प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल वीरेंद्र, सिमरन सिंह व वीरेंद्र शर्मा की टीम ने कार्रवाई के तहत थाने से रवाना होकर महात्मा गांधी विद्यालय सपेरा बस्ती की बाउंड्री के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति हाशिम फकीर निवासी गफूर नगर बड़ी की ढाणी पुलिस थाना सदर गंगापुर सिटी पुलिस वाहन को देखकर जाने लगा, आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस टीम को शक हुआ तो उसे पड़कर पूछताछ की।

# खेत में पाकिस्तानी एयरलाइंस लिखा संदिग्ध गुब्बारा मिला

- गुब्बारे पर अंग्रेजी में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के घमूड़वाली थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है। यह गुब्बारा नरसिंहपुरा के चक 31 एलएनपी स्थित एक खेत में मिला।

किसान रामकुमार सहारण के गेहूं के खेत में उनके बेटे दिनेश ने सुबह के समय एक लाल व सफेद रंग का जहाजनुमा प्लास्टिक का गुब्बारा देखा। गुब्बारे पर अंग्रेजी में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। इसके पिछले हिस्से पर चांद व स्टार का निशान है और उर्दू में कुछ लिखा हुआ है। गुब्बारे के बीच में अंग्रेजी में 'एसजीए' अंकित है। नरसिंहपुरा के प्रशासक राकेश गोरा ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। घमूड़वाली थाने के हैड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया बच्चों के खेलने वाला गुब्बारा सा प्रतीत हो रहा हैं। मामले की गम्भीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटर शेड सैल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद् राजसमन्द**

क्रमांक - एफ () जल ग्रहण / 2024-25/5063 दिनांक 17/03/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 23/2024-25 से 29 / 2024-25**

राजस्थान के माननीय राज्यपाल महोदय की ओर से पीएमकेएसवाई 2.0 मद से स्वीकृत विभिन्न कार्यों के सम्पादन करने हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग / ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्दीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको से निविदा आंमत्रित की जाती है। निर्धारित प्रपत्र में ई टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट www.watershed.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अल्पकालीन ई निविदा 23/2024-25, 24/2024-25, 27/2024-25, 28 / 2024-25 तथा 29/2024-25 दिनांक 17.03.2025 प्रातः 9.30 बजे से 24.03.2025 तक तथा अल्पकालीन ई निविदा 25/2024-25 एवं 26 / 2024-25 दिनांक 17.03.2025 प्रातः 9.30 बजे से 27.03.2025 दोपहर 12 बजे तक वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

| क्र.सं. | एनआईटी नम्बर | राशि (लाखों मे) | UBN No. | NIB Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23/2024-25 | 40.55 लाख | WSC2425 WSOB01385 | WSC2425 A0659 |
| 2 | 24/2024-25 | 9.80 लाख | WSC2425 WSOB01387 | WSC2425 A0660 |
| 3 | 25/2024-25 | 158.34 लाख | WSC2425 WSOB01389 | WSC2425 A0661 |
| 4 | 26/2024-25 | 135.90 लाख | WSC2425 WSOB01390 | WSC2425 A0662 |
| 5 | 27/2024-25 | 27.53 लाख | WSC2425 WSOB01396 | WSC2425 A0663 |
| 6 | 28/2024-25 | 15.52 लाख | WSC2425 WSOB01397 | WSC2425 A0664 |
| 7 | 29/2024-25 | 25.24 लाख | WSC2425 WSOB01399 | WSC2425 A0665 |

DIPR/C/3943/2025 अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सैल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद, राजसमन्द



**Office Executive Engineer Water Resources Division Khajuwala**

No.:-Acctt/NIB 05/2024-25/3175 Dated:-10/03/2025

**Notice Inviting Bid**

(NIB Code WRN2425A0073)

Bid for the Reconstruction of Various Water Courses at Anoopgarh Branch IGNP estimated cost Rs 48.84 to 62.05 Lacs of invited from prospective bidders upto 24.03.2025 at 6.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, of the state and www.water.rajasthan.gov.indepartmental website. UBN No- WRN2425WSOB00276, WRN2425WSOB00277, WRN2425WSOB00278, WRN2425WSOB00279, WRN2425WSOB00280, WRN2425WSOB00281, WRN2425WSOB00282 WRN2425WSOB00283, WRN2425WSOB00284, WRN2425WSOB00285, WRN2425WSOB00286

(Nitish Kumar Nagar) Executive Engineer Water resources Division, Khajuwala

DIPR/C/3708/2025


# भीलवाड़ा में मोबाइल व्यवसायी के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा

- भगवान मोबाइल के ओनर गिरीश सिंधी के बापू नगर स्थित आवास पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया
- सूत्रों का कहना है कि सेकंड हैंड मोबाइल के लेनदेन को लेकर दुबई से मोबाइल व्यापारी का कनेक्शन जुड़ा होने की बात भी सामने आई है

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित बापू नगर कॉलोनी में ईडी की सात सदस्य टीम ने एक मोबाइल व्यवसाई के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया है।

सूत्रों के अनुसार ईडी की सात सदस्यों वाली एक टीम गुरुवार को अल सवेरे करीब नौ बजे भीलवाड़ा पहुंची जिसने शहर के गोल प्याऊ चौराहे पर स्थित भगवान मोबाइल के ओनर गिरीश सिंधी के बापू नगर स्थित आवास पर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया, जहां दस्तावेजों की जांच लगातार जारी है। सूत्रों का कहना है कि सेकंड हैंड मोबाइल के लेनदेन को लेकर दुबई से उक्त व्यापारी का कनेक्शन जुड़ा होने की बात भी सामने आई है जिस पर ईडी गहनता से जांच कर रही है। हालांकि जांच के बाद ही साफ हो पाएगा के मामले की हकीकत क्या है।



कार्रवाई के दौरान पुलिस तैनात रही।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

e-mail: sephedchuru@gmail.com socircle.chu.phed@rajasthan.gov.in

S.NO/TA/Churu/2024-25/4201-4232 Dated 11.03.2025

**E-NOTICE INVITING BID 49-52/2024-25**

Bids for 04 nos. works of total Rs. 226.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 24.03.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and phed tenders.raj.nic.in department website and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN - PHE2425SLOB11567, UBN - PHE2425WSOB11550

UBN - PHE2425WSOB11552, UBN - PHE2425WSOB11553

Superintending Engineer, PHED, Circle Churu

DIPR/C/3815/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड धौलपुर**

फोन नम्बर 05642-220728 फेक्स न0 05642-220838

E-mail ID. eepheddholpur@gmail.com

क्रमांक :- दिनांक :-

**संशोधित ई निविदा सूचना 60-63/2024-2025**

इस कार्यालय की ई निविदा क्रमांक 60-63/2024-2025 जो दिनांक 17.03.2025 को डाउनलोड कर सबमिट की जाकर दिनांक 18.03.2025 को प्राप्त कर खोली जानी थी, जो किन्ही अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 27.03.2025 को डाउनलोड कर सबमिट की जाकर दिनांक 28.03. 2025 को खोली जावेगी शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी जिनका NIB No. PHE2425A5021 तथा UBN NO. PHE2425WSOB010787 to 10790 है

(आशाराम मीणा) अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड धौलपुर

DIPR/C/3947/2025



**पावरग्रिड बीकानेर नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड**

(पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

**सूचना**

(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उपधारा (2) के तहत)

1. **पावरग्रिड बीकानेर नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड,** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित, जिसका पंजीकृत **कार्यालय बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016** है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग नई दिल्ली के समक्ष पारेषण लाइनों, सब-स्टेशनों और अन्य संपत्तियों के संबंध में पारेषण लाइसेंस देने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उप-धारा (2) के तहत एक आवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-
   a. मौजूदा लाइसेंस का विवरण – याचिका 478/टीएल/2024 में सीईआरसी आदेश दिनांक 05.03.2025
   b. जोड़े या हटाए जाने वाले ट्रांसमिशन तत्व का विवरण –

| क्रम संख्या | लाइन/उप-स्टेशन/ट्रांसमिशन तत्व (जगह) का नाम | लाइन की लंबाई/क्षमता | अनुमानित समापन लागत | अनुसूची सीओडी (जोड़ने के मामले में) | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीकानेर – III | • 500 एमवीए 400/220 केवी आईसीटी –1 नग • 400 केवी आईसीटी बे (एआईएस) (संबंधित टाई बे सहित)–1 नग • 220 केवी (एआईएस) आईसीटी बे – 1 नग | ₹ 49.60 करोड़ | सीटीयूआईएल द्वारा ओएम जारी होने की तारीख से 18 महीने यानी 20.07.2026 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत लागू किया जाना है |

2. आयोग के समक्ष दायर किए गए पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं **www.powergrid.in/subsidiaries** किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय सी/ओ ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर -29, गुड़गांव 122001 में श्री केके चौधरी, परियोजना प्रभारी, पावरग्रिड बीकानेर नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय में भी किया जा सकता है।
3. आपत्तियाँ या सुझाव, यदि कोई हों, समाचारपत्र में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आवेदक या उसके प्राधिकृत एजेंट को आपत्ति(ओं)/सुझाव (सुझावों) की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली- 110029 के समक्ष दायर किए जाएं।

स्थानः जैसलमेर परियोजना प्रभारी,

दिनांकः 18.03.2025 पावरग्रिड बीकानेर नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड


# कोटा में फैब्रिकेशन के व्यापारी के घर ईडी ने कार्रवाई की

- ईडी की टीम सीआरपीएफ की टुकड़ी के साथ व्यापारी के घर पर पहुंची
- कार्रवाई के संबंध में ईडी के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार किया
- जिस व्यापारी के घर पर ईडी ने दबिश दी है, वह रेलवे का कॉन्ट्रैक्टर भी है

**कोटा,** (निसं)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में एक फैब्रिकेशन के व्यापारी के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दस्तक दी है। ईडी की टीम सीआरपीएफ की टुकड़ी के साथ सुबह ही व्यापारी के घर पर पहुंच गई थी। इसके बाद किसी भी व्यक्ति को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया और तलाशी ली गई।

जानकारी के अनुसार सुबह से ही व्यापारी के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है, जो देर शाम तक जारी रही। इस कार्रवाई के संबंध में ईडी के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार किया है। दूसरी तरफ एकाएक हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। जिस व्यापारी के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने दबिश दी है वह रेलवे का कॉन्ट्रैक्टर भी है। ऐसे में इस पूरे मामले को आर्थिक अपराध से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है। आस-पड़ौस के लोग बार-बार सेक्टर 4 में स्थित मकान के बाहर आकर घूमते रहे। यह छापा क्यों डाला गया है इस संबंध में जानकारी नहीं है। टीम भी प्राइवेट टैक्सी के जरिए जयपुर से कोटा पहुंची है।

यह कार्रवाई क्यों की गई है, इस संबंध में फिलहाल कोई खुलासा नहीं हो पाया है। यहां तक की स्थानीय पुलिस को भी इसकी भनक नहीं थी। मीडिया की जानकारी देने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन वहां पर पहले से ही सीआरपीएफ पहरा दे रही थी, इसीलिए वापस लौट गई।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द**

क्रमांक :- एफ () नपरा/इंजी/ई निविदा/25/2024-25/9635 दिनांक :- 19/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 25/2024-25**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है। UBN No.:- DLB2425WSOB21410

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 1 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 33.93 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 19.03.2025 06:00 पीएम |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 20.03.2025 09:00 एएम |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 01.04.2025 06:00 पीएम |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 02.04.2025 01:00 पीएम |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 02.04.2025 03:00 पीएम |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधि | नियमानुसार |

राज.संवाद/सी/24/13586 सभापति नगर परिषद राजसमन्द आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द

# फर्जी आई.ए.एस. अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

- आईएएस अधिकारी बनकर ठगे थे 14 लोगों से 70 लाख
- गैंग के 2 सदस्य पूर्व में हो चुके है गिरफ्तार

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने आईएएस अधिकारी बनकर सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 70 लाख रुपए ठगने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी आईएएस ने गिरोह के साथ मिलकर लोगों को विधानसभा एवं सचिवालय में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देते थे। गैंग के सदस्य खुद को ऊंचे पदों पर बताकर लोगों को झांसे में लेते थे। इस गिरोह का मुख्य सरगना सुनित शर्मा उर्फ अभिषेक एवं मोंटू मीणा को पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। मोंटू मीणा को एसओजी भी पकड़ चुकी है। गैंग के लोगों द्वारा अब तक करीब 14 लोगों से ठगी की जा चुकी है। पुलिस ने फर्जी आईएएस अधिकारी बने आरोपी को यूपी से गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि विधानसभा व सचिवालय में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने आरोपी को आगरा यूपी से पकड़ लिया गया। आरोपी 50 वर्षीय दीपक जैन उर्फ आर के अग्रवाल निवासी यूपी का रहने वाला है। इस मामले में परिवादी मानसिंह द्वारा मामला दर्ज करवाया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं तथा परिवादी का भाई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था । जिसका सम्पर्क अनिल कुमार मीणा से हुआ। जिसके साढ़ू कमल किशोर मीणा उर्फ मोंटू मीणा व अभिषेक उर्फ सुनित शर्मा निवासी परमहंस कॉलोनी मुरलीपुरा से सम्पर्क करवाया गया। जिनके द्वारा विधानसभा व सचिवालय में वेकेन्सी निकालना बताते हुए अपनी ऊंची पहुंच बताकर नौकरी लगाने का झांसा देकर 14 लड़कों से 70 लाख रुपए हड़प कर लिए एवं विधानसभा के नाम से फर्जी कॉल लेटर जारी कर धोखाधड़ी की गई।

आरोपित से पूछताछ में सामने आया कि विधानसभा व सचिवालय मे नौकरी लगवाने के नाम पर गिरोह का मुख्य सरगना सुनित शर्मा उर्फ अभिषेक व मोन्टू मीणा उर्फ कमलकिशोर जिनके द्वारा अपने गिरोह में इंटरव्यू लेने के लिए फर्जी आईएएस अधिकारी व फर्जी डॉक्टर को हायर किया गया था गिरोह के सरगनाओं द्वारा प्रत्येक छात्र से 6-6 लाख रुपए कुल 70 लाख रुपए वसूल कर फर्जी कॉल लेटर जारी कर कथित आईएएस अधिकारी दीपक जैन उर्फ आर के अग्रवाल एवं डॉक्टर राजेन्द्र कुमार उर्फ रामलाल मीणा से मिलवाया गया।

सरगना सुनित शर्मा उर्फ अभिषेक निवासी मुरलीपुरा और कमल किशोर मीणा उर्फ मोन्टू मीणा निवासी मानसरोवर को मई 2024 में गिरफ्तार किया गया था। जो कि वर्तमान में भी न्यायिक अभिरक्षा मे चल रहे है। गिरफ्तार फर्जी आईएएस अधिकारी दीपक जैन उर्फ आर. के. अग्रवाल ने पूछताछ बताया कि वर्ष 2021 में सचिवालय के पास स्थित स्टैच्यू सर्किल पर गैंग के सरगनाओं द्वारा उसे फर्जी आईएएस अधिकारी आर.के अग्रवाल बनाकर परिवादी से सचिवालय के पास मीटिंग करवाई। जिसमे मेरे द्वारा रुपयों के बदले उनको नौकरी लगाने का आश्वासन दिया गया।

# प्रश्नकाल को अधिक सार्थक बनायें : देवनानी

- 'मंत्री व विधायक विषय पर ही ध्यान केन्द्रित करें ताकि जवाब आयें टू-द-पाइंट'

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सदन में व्यवस्था देते हुये कहा कि विधायकगण यदि पूरक प्रश्नों की अच्छी तैयारी करके आयेंगे तो राज्य सरकार से जवाब भी टू-द-पाइंट आयेगा। इससे प्रश्नकाल की सार्थकता बढेगी। समय का सही उपयोग होगा और विधायकगण की जनता की सुविधा के लिये पूछे गये प्रश्नों में आमजन की भावना समाहित हो सकेगी।

देवनानी ने कहा कि प्रश्नकाल में प्रश्नों के संदर्भ में पक्ष और प्रतिपक्ष के नेतागण को अपने विधायकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये। देवनानी ने मंत्रीगण को भी विधायकगण के प्रश्नों का उत्तर टू-द-पाइंट तरीके से प्रस्तुत किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिये पूछे गये प्रश्नों का दीर्घ तरीके से उत्तर न देकर विधायकगण की भावनानुसार ही जवाब प्रस्तुत किये जाने चाहिये। देवनानी ने कहा कि विधायकगण जो पूछना चाह रहे है, उनकी भावना के अनुरूप ही उत्तर दिया जाना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि प्रश्न यदि विधायकगण के विधान सभा क्षेत्र का है तो उसका उत्तर क्षेत्र तक ही सीमित रखा जायें। साथ ही यदि प्रश्न में विधायकगण राज्य स्तरीय जानकारी चाह रहे है तो उसी के अनुरूप जवाब दिया जाने चाहिये। देवनानी ने कहा कि मंत्रीगण और विधायकगण प्रश्नकाल के लिये यदि ऐसा तरीका अपनायेगे तो जो प्रश्न आ रहे हैं तथा उनके उत्तर आ रहे हैं, उसमें अधिक कंटेंट सभी को मिल सकेगें।

# छह साल की उम्र में जिसका अपहरण, वहीं निकली बच्चा चुराने की मास्टर माइंड

**जयपुर।** जयपुर जंक्शन से चार साल के मासूम बच्चे को चुराने वाले प्रेमी-प्रेमिका ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि महिला का छह साल की उम्र में अपहरण हो गया था और बरामदगी के बाद उसे बालिका गृह में रखा गया था। बच्चा चोरी की पूरी साजिश 8वीं पास आरोपी महिला ने ही रची थी। 28 वर्षीय महिला पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। लेकिन अपने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही थी। नसबंदी होने के कारण दोबारा मां नहीं बन सकती थी। इसलिए प्रेमी को खुश करने के लिए रेलवे स्टेशन से चुराने की साजिश रची थी।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि महज छह साल की उम्र में खुद महिला का भी किसी ने अपहरण कर लिया था। उसका बचपन गांधी नगर के बालिका गृह में बीता। खुद माता-पिता से दूर रहने के बावजूद वो एक मां का दर्द नहीं समझी और एक मां से उसके बेटे को अलग करने की साजिश रच डाली।

जीआरपी जयपुर जंक्शन थाना प्रभारी अरुण चौधरी ने बताया कि महिला जीविका (28) को 6 साल की उम्र में अज्ञात व्यक्ति उसके परिजनों के पास से उठाकर ले गया था। इसके बाद से वह जयपुर के बालिका गृह में रही। आठवीं कक्षा तक पढ़ी। 19 साल की होने पर 18 मई 2015 को सरकार की ओर से कराए गए सामूहिक विवाह सम्मेलन में उसकी शादी सीकर के देवीलाल के साथ हुई। जीविका का पति देवीलाल खेती बाड़ी करता है। लेकिन इसके बाद महिला को देवीलाल का खेतीबाड़ी करना अखरने लगा। संयुक्त परिवार में रहने के कारण जीविका को पारिवारिक जिम्मेदारी और बंदिशें भी अखरने लगी थी। आखिरकार उसने 2021 में ही पति को छोड़ दिया।

उसके दो बच्चे हैं, बेटे की उम्र 8 साल और बेटी की उम्र 5 साल है। देवीलाल ने दोनों बच्चों को उसे सौंपने से इनकार कर दिया। इसके बाद से वह जयपुर में अकेली रह रही थी। जयपुर जंक्शन पर मजदूरी का काम करने लगी। यहीं पर उसकी मुलाकात सुंदर कश्यप से सालभर पहले हुई। दोनों में प्यार हो गया और लिवइन में सुंदर के घर पर ही रहने लगे।

जीविका ने पहले पति से दो बच्चों के बाद नसबंदी करवा ली थी। उसने ये बात सुंदर को नहीं बताई थी। इसके कारण वो मां नहीं बन पा रही थी। लेकिन सुंदर व उसकी मां दोनों संतान चाहते थे। लिवइन में रहने के 3 महीने बाद ही बच्चे को लेकर दोनों में अनबन होने लगी। डॉक्टर से नसबंदी खुलवाने की कोशिश की लेकिन बच्चा नहीं हुआ। सुंदर जीविका पर पहले पति के पास से उसके बेटे को लाने का दबाव बना रहा था। इस पर जीविका ने जंक्शन से किसी का बच्चा चोरी करने की साजिश रची। इसमें सुंदर को भी शामिल किया।

# गंभीर नदी में अतिक्रमण को लेकर मांगा जवाब

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने घना पक्षी विहार को पानी पहुंचाने वाली गंभीर नदी के बहाव क्षेत्र और चारागाह भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में मुख्य सचिव, संभागीय आयुक्त, प्रमुख राजस्व सचिव, करौली कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश मुकेश कुमार मीना की जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में अधिवक्ता सतीश खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि पाचना बांध का पानी गंभीर नदी के जरिए घना पक्षी विहार पहुंचता है। इस नदी के बहाव क्षेत्र में कई वन्य जीव निवास करते करते हैं।

# व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ : दिया कुमारी

- दिया कुमारी ने अजमेर रोड़ व्यापार मण्डल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में की शिरकत

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को अजमेर रोड़ व्यापार मण्डल के वार्षिक समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अजमेर रोड़ व्यापार मण्डल एक आदर्श बाजार बनने की ओर अग्रसर हैं। व्यापार मण्डल द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाना, स्वच्छता को बढ़ावा देना, यातायात और फुटपाथ व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, पर्यावरण संरक्षण करने और आमजन को सुविधाएं देने, जैसे कार्य किया जाना प्रशंसनीय हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारिक वर्ग देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तम्भ है। राजस्थान 350 बिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है, जिसे पूर्ण करने में व्यापारी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों के हितों, उनके उत्थान एवं दी जाने वाली सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। राईजिंग राजस्थान के तहत लगभग पैतीस लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किये गये, राज्य में व्यापार के अवसर बढ़ाने के लिए इन्वेस्टर को सुविधाएं दी जा रही है, व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, बिजली, पानी व आवागमन में सुविधाएं दी जा रही है।

कार्यक्रम में अजमेर रोड व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालयों में अब कुलपति के स्थान पर कुलगुरू होंगे

## विधानसभा में पारित किया राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां ( संशोधन ) विधेयक

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में विश्वविद्यालयों में अब कुलपति के स्थान पर कुलगुरू होंगे। विधानसभा में गुरुवार को राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया, जिसमें यह प्रावधान किया गया हैं। संशोधन के अनुसार राज्य के 33 वित्त पोषित्त विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रतिकुलपति के पदनामों में बदलाव कर इन्हें कुलगुरू एवं प्रतिकुलगुरू किया गया है।

विधेयक पारित होने से पहले उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा ने इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

उन्होंने कहा कि वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार का ध्येय है। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कॉलेज शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश प्राचीन काल में ज्ञान एवं शिक्षा का वैश्विक केंद्र रहा है। राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से भारत का पुराना गौरव लौटाने के लिए कृतसंकल्पित है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कार्य भारतीय समाज में गुरु करता है। उन्होंने कहा कि कुलपति राज्य वित्त पोषित्त विश्वविद्यालयों में मुख्यकार्यपालक एवं शैक्षिणक अधिकारी होता है। जहां कुलपति शब्द प्रशासनिक है एवं स्वामित्व को दर्शाता है। वहीं गुरु शब्द के साथ में विद्वता एवं आत्मीयता भी जुड़ी है। राज्य सरकार का यह निर्णय एक शाब्दिक परिवर्तन न होकर गुरु की महिमा को पुनः स्थापित करने का प्रयास है।

# अवैध हथियारों के साथ गैंगस्टर्स घर में करता था फायरिंग की प्रैक्टिस

## कौन था बदमाश के टारगेट पर पुलिस जुटी जांच में

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस की ओर से हथियारों के साथ पकड़े गए एक बदमाश ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए है। आरोपी ने बताया कि वह कमरे के अंदर बंदूक चलाने की प्रैक्टिस करता था।

पूछताछ के बाद पुलिस बदमाशों के किराए के कमरे पर पहुंची को दीवारों पर छेद मिले। गोलियों के खाली खोल भी पड़े मिले। इसके बाद बदमाशों पर अलग एफआईआर दर्ज कर हुए, फायरिंग करने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस बदमाश से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर बदमाश के टारगेट पर कौन था और वह किस मकसद से प्रैक्टिस कर रहा था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि डीएसटी और करधनी थाना पुलिस ने चार केस दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पुलिस ने 5 देशी पिस्टल, एक 12 बोर बंदूक और 373 गोलियां (7.65 एमएम) और 2 बाहर बोर जिंदा कारतूस बरामद किए थे। इस दौरान पकड़े गए उत्सव कुमावत (20) और उत्तम सिंह भदोरिया (22) से पूछताछ की गई।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराए गए दो दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले युवराज शर्मा निवासी चाकसू जयपुर हाल मालवीय नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराए गए दो दुपहिया वाहन बरामद किया है।

आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# बुजुर्गों से मिलते हैं संस्कार और अनुभव : दिया कुमारी

**जयपुर।** भारतीय मजदूर संघ की इकाई प्रदेश वरिष्ठ नागरिक समिती के तृतीय अखिल भारतीय अधिवेशन के समापन समारोह में गुरुवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी शरीक हुई। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री ने संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संगठन के प्रयास से वृद्धजनों को स्वास्थ्य, पेंशन, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार चाहती है की अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए हम मिलकर प्रयास कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि परिवार छोटी इकाइयों में तब्दील हो रहे हैं, उसके लिए सरकार क्या करे कि परिवार टूटे नहीं और बुजुर्गों का साथ बना रहे। उस पर सरकार क्या कर सकती है यह सोचने की आवश्यकता है। राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है। केंद्र की योजनाओं को सही तरीके से लागू करते हुए हम बुजुर्गों की राय और समय-समय पर मार्गदर्शन लेते रहते हैं।

# जयपुर डेयरी के एमडी सहित तीन से मांगा जवाब

- डेयरी बूथ संचालकों को दूध की बिक्री करने पर कम कमीशन देने का मामला

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के डेयरी बूथ संचालकों को दूध की बिक्री करने पर कम कमीशन देने को चुनौती देने के मामले में आरसीडीएफ व जयपुर डेयरी के एमडी सहित गोपालन निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश जयपुर डेयरी सरस दुग्ध विक्रेता संघ ऑल राजस्थान और सुंदर चंद रमोला सहित अन्य की याचिका पर दिया।

मामले से जुडे अधिवक्ता हेमंत टेलर ने बताया कि जयपुर डेयरी ने 8 अप्रैल 2023 को आदेश जारी कर डेयरी बूथ संचालकों को सभी किस्मों के दूध की बिक्री पर मिलने वाले कमीशन के पूर्व आदेशों को निरस्त कर 3 प्रतिशत कमीशन तय किया था।

इस कमीशन की गणना स्टैंडर्ड दूध के एक लीटर मूल्य 50 रुपए के आधार पर की गई। इसके तहत ही जयपुर डेयरी सभी बूथ संचालकों को सभी किस्मों के दूध की बिक्री पर प्रति लीटर 1.50 रुपए का कमीशन ही देने लगा।

उन्होंने इस संबंध में जयपुर डेयरी व आरसीडीएफ को भी प्रतिवेदन देकर इसमें सुधार करने का आग्रह किया, लेकिन उनके प्रतिवेदन पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि डेयरी अलग-अलग किस्म के दूध की बिक्री करती है और उनकी कीमत के अनुसार ही उनका कमीशन तय हो।

इसलिए सभी किस्म के दूध की बिक्री पर प्रति लीटर 1.50 रुपए कमीशन देना गलत है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरसीडीएफ सहित अन्य से जवाब मांगा है।

# जेवर और नकदी लेकर भागी विवाहिता

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में एक विवाहिता पति को सोता छोड़कर घर से जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल लक्ष्मीचंद ने बताया कि मालवीय नगर के रहने वाले 24 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी घर से बिना बताए चली गई है। करीब एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों हंसी-खुशी साथ रह रहे थे। 15 मार्च की रात को घर में सो रहे थे। रात के समय उसे सोता छोड़कर विवाहिता घर छोड़कर भाग गई। सुबह उठने पर घर के गेट खुले हुए मिले। पत्नी को ढूंढने पर उसका कोई पता नहीं चला। आस-पास ढूंढने के साथ ही परिजनों को भी बिना बताए जाने का पता चला। मोबाइल नंबर स्विच ऑफ होने के साथ ही अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब मिली। मालवीय नगर थाने में पीड़ित पति ने शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक्स गैंग ने छीने मोबाइल-नकदी

**जयपुर।** शहर में सक्रिय बाइक्स गैंग आमजन का सुख चैन छीन रही है। बाइक्स गैंग ने एक व्यक्ति और महिला को टारगेट कर उससे मोबाइल व नकदी छीन लिया। कुसुम विहार जगतपुरा निवासी राहुल कुमार ने रामनगरिया थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह कॉलेज से हॉस्टल जा रहा था। हॉस्पिटल के नजदीक पहुंचते ही पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। दूसरी घटना में बद्रीनाथ कॉलोनी निवासी आरती देवी ने शास्त्री नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रही थी। यादव ज्यूस चौराहे पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल व रुपए छीनकर ले गए।

# ऐप से दोस्ती कर किडनैप करने वाली गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार

## बदमाशों ने कई जगह वारदात करना कबूला

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने ऐप के जरिए लोगों को झांसे में लेकर लूटपाट करने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के चार बदमाशों को वारदात के कुछ घंटों में गिरफ्तार किया। पूछताछ में बदमाशों ने कई लोगों के साथ अपहरण और लूट की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस ने चारों बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया। यहां से कोर्ट ने सभी बदमाशों को जेल भेज दिया है।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक का अपहरण कर उस के परिवार से पैसा मांगा जा रहा है। इस पर प्रताप नगर थाना सीआई मनोज कुमार बेरवाल ने तत्काल अपनी टीम को साथ मे लेकर संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया। इस दौरान पुलिस को चार बदमाश मिले। प्रारम्भिक पूछताछ में बदमाशों ने अपहरण और लूट की वारदात करना स्वीकार किया। इसके बाद चारों बदमाशों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। बदमाशों ने बताया कि वह ऐप के माध्यम से लोगों से सम्पर्क करते हैं। जो लोग उनकी बातों में आ जाते हैं। उनको अपने पास बुला लेते हैं। इसके बाद अपहरण और मारपीट कर पैसा मांगा जाता है। पीड़ित के परिवार से भी 1 लाख रुपए की डिमांड बदमाशों ने की थी। इसके बाद बदमाशों ने 10 हजार रुपए लेकर पीड़ित को छोड़ दिया था। इस ऑपरेशन में प्रताप नगर सीआई के साथ हेड कॉन्स्टेबल अविनाश, सुरेश चंद, कॉन्स्टेबल गणेश, वेदप्रकाश, पंकज कुमार, शीला और चालक हीरालाल शामिल थे।

# खाली प्लॉट में मिला नवजात बच्ची का शव

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खाली प्लॉट में शव को प्लास्टिक से लपेटकर फेंका गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी एएसआई रामचन्द्र ने बताया कि सांगानेर में रामपुरा रोड पर नारायण विहार सेकेंड स्थित खाली में नवजात बच्ची का शव मिला है। स्थानीय ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति छत पर कपड़े सुखाने गया था। उनके मकान के पीछे वाले मकान की छत पर कुछ महिलाएं खड़ी होकर झांक रही थी।

## सार-समाचार

### सारस्वत समाज के होली मिलन समारोह का न्यौता दिया



**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज, महिला मंडल और युवा मंडल की और से 23 मार्च को परशुराम भवन में आयोजित श्याम भजन, फागोत्सव और होली मिलन समारोह की व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही है। सारस्वत समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नील कमल शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नाहरगढ़ रोड स्थित श्री गोर्धन नाथ जी मंदिर में माथा टेका और आयोजन की सफलता का आशीर्वाद लिया। सारस्वत समाज के कार्यकर्ताओं ने यहाँ बड़ी संख्या में आवासित समाज बंधुओं के घर घर जाकर उन्हें आयोजन का न्योता दिया और पोस्टर का विमोचन करवाया। इस अवसर पर सारस्वत समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नील कमल शुक्ला सहित सुनील सारस्वत, धर्मेंद्रपाल, युवा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष रजत सारस्वत, महामंत्री सिद्धार्थ जोशी, प्रशांत गोस्वामी, प्रियांक, हेमंत, पवन, किशन, मोहित, नरेश गणेश, राजेश, विकास, नितिन, ऋतु ओझा, प्रकाश उपाध्याय, प्रांजल ओझा आदि उपस्थित थे।

### जयपुर में मिलेगी आईएस व आरएएस की फ्री कोचिंग



**जयपुर।** उन छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी है, जो उच्च प्रशासनिक सेवाओं यथा-आईएएस, आईपीएस, आरएएस बनने का सपना देख रहे हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उन्हें अब जयपुर की एक संस्था यूपीएससी और आरपीएससी फ्री कोचिंग देगी। इसके लिए छात्रों को एक प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। इससे पहले उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण होगा, जिसका कोई शुल्क नहीं है। देश की सबसे बड़ी निःशुल्क कोचिंग, निःशुल्क पुस्तक योजना एक पहल इंडिया ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई है।

### जयपुररिया इंस्टीट्यूट में ब्रांडप्रेन्योर्स समिट

**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्ययूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने लिंक एजेंट के सहयोग से ब्रांडप्रेन्योर्स समिट : द हाउस ऑफ ब्रांड्स का सफल आयोजन किया। इस समिट में उद्योग जगत के दिग्गजों ने अपने उद्यमशीलता सफर और ब्रांड निर्माण पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं के रूप में विशाल जलानी (संस्थापक, ब्राउन शुगर; 40 अंडर 40 सूची में शामिल), सम्यक जैन (सह-संस्थापक, क्रेजी कॉफी), और डेज़ी तनवानी (संस्थापक, शॉपडैज़ी) शामिल हुए। समिट का संचालन सुश्री विधिका गुप्ता (संस्थापक, लिंक एजेंट) ने किया। यह आयोजन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा आयोजित किया गया था। समिट की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद डॉ. अंसिता अग्रवाल (चेयरपर्सन) ने स्वागत भाषण दिया। सत्र की शुरुआत एक रोचक रैपिड-फायर राउंड से हुई, जहां पैनलिस्ट्स ने व्यापार, विपणन और उद्यिमता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने अपने स्टार्टअप सफर, उन्हें प्रेरित करने वाले कारकों और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों को साझा किया।

### एनआईएफ ग्लोबल जयपुर एनुअल डिजाइन डिस्प्ले



जयपुर। कमला पोद्दार इंस्टीट्ययूट्स (केपीआई) करियर शिक्षा, स्वास्थ्य, वेलनेस और लाइफस्टाइल क्षेत्रों में मौजूदगी वाले उत्तर भारत के प्रमुख समूहों में से एक है, जो अपनी स्थापना के 27 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मुख्य रूप से शिक्षा पर केंद्रित, कमला पोद्दार इंस्टीट्ययूट्स 30,000 से अधिक विद्यार्थियों की करियर यात्रा का हिस्सा रहा है। एनआईएफ ग्लोबल जयपुर केपीआई का एक भाग है। न्यूयॉर्क इंस्टीट्ययूट ऑफ फैशन (एनआईएफ ग्लोबल) में आगामी पीढ़ी के डिजाइन प्रोफेशनल्स तैयार करने के लिए न्यूयॉर्क की विशेषज्ञता, लंदन का नवाचार और भारत की जीवंत रचनात्मकता एक स्थान पर मिलती है। इंस्टीट्ययूट फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, मैनेजमेंट और ब्यूटी एजुकेशन के अत्याधुनिक कार्यक्रम पेश करता है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ कूटनीतिक साझेदारी के साथ, एनआईएफ ग्लोबल स्टूडेंट्स को व्यावहारिक अनुभव और एक्सपोजर का बेहतरीन मंच प्रदान करता है।

### गौरैया दिवस पर पुलिस आयुक्त ने बांधे परिंडे

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गौरैया दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट परिसर में पक्षियों के लिए घोंसले एवं दाना व पानी के लिए परिण्डे बांधे। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि हर साल 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती संख्या के प्रति जागरूकता को बढ़ावा और उनके संरक्षण के लिए प्रयास करना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय शिल्पा चौधरी सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व कर रही है। पुलिस के अनुसार केलगिरी रोड पर 16 मार्च को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार 24 वर्षीय आयुष पाटीदार पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी आजाद चौक बोली टोंक गंभीर रुप से घायल हो गया था। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

# अजमेर में अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे

**अजमेर,** (निसं)। नगर निगम के अस्थाई सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार से समय पर वेतन का भुगतान नहीं होने सहित वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने नगर निगम से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने लगे हैं।

गुरुवार को तीसरे दिन भी निगम के अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखने लगा है।



अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने अजमेर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

अजमेर के 80 में से 52 वार्डों में सफाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ा है। सड़कों, बाजारों और कॉलोनियों में कचरे के ढेर लगने लगे हैं, जिससे

■ **अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने रैली निकाल कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया**

आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और फील्ड सफाई का ठेका निजी कंपनियों को दिया गया है, लेकिन सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार उन्हें तय वेतन से कम भुगतान कर रहे हैं। इसी के विरोध में अस्थाई सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

गुरुवार को अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय से नारेबाजी करते हुए रैली निकाली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर लोकबंधु को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सफाई कर्मचारी 6200 रुपए मासिक वेतन पर काम कर रहे हैं जो बेहद कम है। उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपए किया जाए और वेतन समय पर दिया जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें दो-दो महीने तक वेतन नहीं मिलता, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है।

प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारी प्रकाश लखन ने कहा कि फरवरी माह का वेतन अभी तक किसी को नहीं मिला है। इसके अलावा ठेकेदारों द्वारा सफाई कार्य के लिए आवश्यक सामग्री तक उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे काम करने में कठिनाई होती है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक वे हड़ताल जारी रखेंगे।

# इनामी बदमाश ने हिस्ट्रीशीटर की गाड़ी को कैम्पर से टक्कर मारी

## हिस्ट्रीशीटर ने कार से उतरकर वर्कशॉप में भागकर अपनी जान बचाई

**सुलताना,** (निसं)। जिले में बदमाश बेखौफ हैं। जिले के सुलताना कस्बे के केहरपुरा मोड़ पर गुरुवार सुबह बोलेरो कार का टायर चेंज करा रहे हिस्ट्रीशीटर पर इनामी बदमाश ने कैंपर कार से धावा बोल दिया। बोलेरो कार को बदमाश ने कैंपर से टक्कर मारी। वक्त रहते हिस्ट्रीशीटर ने कार से उतरकर वर्कशॉप में भागकर जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर सुलताना थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और प्रत्यक्षदर्शियों से बात की। फुटेज और बयान के आधार पर जांच की जा रही है।

सुलताना थाना एसएचओ रविंद्र सिंह ने बताया कि दोनों ही बदमाश सुलताना के हिस्ट्रीशीटर हैं। इनके खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमले के मामले दर्ज हैं। बदमाश रजनीश पर 10 हजार का इनाम भी घोषित है। आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सुलताना कस्बे के केहरपुरा मोड़ पर नागौरी वर्कशॉप पर सुलताना थाने का हिस्ट्रीशीटर नरेंद्र अपनी बोलेरो कार का टायर चेंज करा रहा था। नरेंद्र कार में बैठा था। कुछ देर में वहां सुलताना थाने का इनामी बदमाश और हिस्ट्रीशीटर रजनीश और उसका साथी कैंपर कार लेकर पहुंचे। रजनीश को देख नरेंद्र बोलेरो कार से उतरा और वर्कशॉप में भागकर जान बचाई। रजनीश ने कैंपर को बैक लेकर हिस्ट्रीशीटर नरेंद्र की बोलेरो को ठोक दिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फरार होने से पहले रजनीश कैंपर से मोबाइल लेकर उतरा और घटना का वीडियो बनाकर दोबारा चलती कैंपर में चढ़ गया। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। इनामी बदमाश रजनीश वारदात के दौरान सड़क पर बेखौफ दिखा। उसने सड़क के बीचोंबीच खड़े होकर अपने मोबाइल से वारदात का वीडियो बनाया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कैंपर से टक्कर मारने वाला रजनीश सुल्ताना थाने का 10 हजार का इनामी है। शराब ठेके पर एक व्यक्ति का सिर फोड़ने के मामले में उस पर इनाम रखा गया। वह सुलताना थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। रजनीश आरडी नाम से अपनी गैंग चलाता है। नरेंद्र उर्फ नीरू भी सुलताना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। दोनों एक ही गांव के हैं। दोनों के बीच केहरपुरा गांव में मंदिर की दीवार तोड़ने को लेकर बुधवार शाम को विवाद हुआ था। रजनीश केहरपुरा में एक लड़के को पीट रहा था। नरेंद्र ने उसे बचाया था। इसे लेकर दोनों में गाली-गलौज भी हुई थी। आज मौका पाकर रजनीश ने नरेंद्र पर हमला कर दिया। उसे लोहे की रॉड से भी पीटा। रजनीश पर 8 और नरेंद्र पर 7 मामले दर्ज हैं।

# सांभर के प्रदीप व्यास ने फिल्म इंडस्ट्रीज में पहचान बनाई

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर में दिल्ली सिक्स की फिल्म की शूटिंग के बाद यहां के अनेक युवाओं में छिपी प्रतिभाएं जिस प्रकार से तेजी से आगे आईं, उसके पीछे बॉलीवुड के कलाकारों व फिल्म यूनिट दल का अहम रोल भी रहा है। यहां के युवाओं ने इस स्थिति को भांपते हुए

■ **हाल ही रिलीज हुई वेब सीरीज ''दोपहिया'' में प्रदीप व्यास ने टैंपो वाला बनकर रोल निभाया है**

अपना भविष्य फिल्म इंडस्ट्रीज में तलाशना शुरू कर दिया और सांभर के कई युवा आज इस काम में जुड़े हुए हैं और अपने कैरियर को संवारने में लगे हुए हैं।

ऐसा ही एक उभरता युवा कलाकार सांभर के मालवों की गली में रहने वाले दर्शनलाल व्यास के पुत्र प्रदीप व्यास है। इन्होंने अपने दम पर कड़ी मेहनत और लगन से आज बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई, वरन अनेक मशहूर कलाकारों से भी उनके निजी तालुकात हो गए हैं। अभी हाल ही रिलीज हुई वेब सीरीज ''दोपहिया'' काफी चर्चित एक गांव की स्टोरी है, जिसमें सांभर के प्रदीप



सांभर के प्रदीप व्यास ने वेब सीरीज में अपनी भूमिका निभाई है।

व्यास इसकी लाइन प्रोड्यूसर भी हैं बल्कि खुद ने भी इसमें टेंपो वाला बनकर अपना खास रोल निभाया है।

प्रदीप व्यास ने बताया कि फिल्म की कहानी एक गांव धड़कपुर से शुरु होती है। जो एक अपराध मुक्त गांव है। जहां पिछले 24 सालों से कोई क्राइम नहीं हुआ है और गांव के लोग भी पूरी तरह बिना किसी डर के रहते हैं। धड़कपुर में गांव के स्कूल के अस्थायी प्रधानचार्य बनवारी (गजराज राव) की बेटी का रिश्ता तय हो जाता है लेकिन उनका दामाद दहेज में बुलेट की डिमांड करता है। किसी तरह बनवारी बेटी की खुशी की खातिर पैसों का इंतजाम करके दामाद को देने के लिए दुपहिया खरीदते हैं। कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब धड़कपुर से दुपहिया चोरी हो जाती है। अब दामाद की शर्त पूरी न होने पर क्या वह शादी करेगा, क्या चोर का पता चल पाएगा और क्या होगा अब अपराधमुक्त गांव के टैग का? ये सारी बातें सीरीज के 9 एपिसोड में दिखाई गई हैं।

# अंतर्राज्यीय गैंग के चार चोरों की पुलिस ने पैदल परेड करवाई

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए अंतर्राज्यीय गैंग के चार चोरों को पुलिस ने बुधवार की देर शाम कस्बे के मुख्य मार्गों से आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय का संदेश देने को लेकर पैदल परेड करवाई।

चोरों को पुलिस जाब्ते के साथ

■ **नगरवासियों ने चोरियों का खुलासा होने पर पुलिस कर्मियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया**

कस्बे के सीकर नोखा मार्ग स्थित मुक्ति धाम से राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक कस्बे के नागरिकों के साथ पैदल मार्च जुलूस के साथ निकाला, जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगरवासी शामिल हुए और जुलूस में नगरवासियों ने पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान नगरवासियों ने वर्तमान में हुई चोरियों का खुलासा होने पर पुलिस कर्मियों का जुलूस में जगह-जगह पुष्प वर्षा व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं सीएचसी मार्ग के किनारे दो जेसीबी लगाकर नगरवासियों ने उसमें से पुष्प वर्षा करवाकर पुलिस कर्मियों का स्वागत



बीदासर में पुलिस ने चोरी के आरोपियों का जुलूस निकाला।

किया। स्वागत जुलूस में व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार टांटिया, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, कमल माली, हरका राम खेरिया, ललित सैनी, ओमप्रकाश सोनी, आरिफ छींपा, भीकम चंद खेरिया, जाकिर कूरैशी, मुन्नी राम मंडा, गिरधारी लाल मेघवाल सहित अनेक नगरवासी मौजूद थे।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोरी के आरोप में अंतर्राज्यीय गैंग के चार शातिर चोर जोधपुर की मदेरणा कॉलोनी व हाल निवासी सुजानगढ़ उमरदीन भाटी पुत्र ल्याकत, जोधपुर के नागौरी गेट भील बस्ती निवासी मोहम्मद नहीम पुत्र मोहम्मद ईस्माइल, जोधपुर के कबीर नगर घानसाहीदा कॉलोनी निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र मोहम्मद खलील व जोधपुर के गांव प्रतापनगर फेजा मस्जिद गली नंबर दो के निवासी शाहरुख खान पुत्र सलीम खा छींपा को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने शाहरुख खान को 22 मार्च तक व अन्य तीन नकबजनों को 24 मार्च तक पुलिस रिमांड पर दिया है। थानाधिकारी यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नकबजनों से कड़ी पूछताछ के बाद कस्बे में पूजा पत्नी श्रवण कुमार शर्मा, भागीरथ मंडा व श्रवण स्वामी के घर हुई चोरियों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पूजा शर्मा के घर हुई चोरी में नकबजनों से ब्रांडेड कोट व कपड़े बरामद किए हैं। वहीं इनके घर में सीसीटीवी कैमरे का लगा डीवीआर नकबजनों ने सुजानगढ़ सम्राट होटल स्थित रेलवे फाटक के पास पानी के कीचड़ में फैंकना कबूल किया है। अन्य समान नकबजनों से बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है।

## मकान में युवक का शव फंदे पर लटका मिला

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के गांव टसकोला में गुरुवार सुबह एक युवक का शव बंद कमरे में पंखे से लटका मिला। मकान के अंदर का दरवाजा बंद था। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। प्रागपुरा थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने परिवार को छोड़ जिनके घर रह रहा था वो शक के दायरे में हैं।

जानकारी के अनुसार गांव टसकोला निवासी रामजीलाल सैनी पुत्र जगदीश सैनी अपने घर को छोड़कर 4-5 साल से किसी दूसरे के घर पर रहता था। जिसके घर पर रहता था वह उसके साथ गाड़ी व बाड़ी में साझेदार थे। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे रामजीलाल कमरे से बाहर नहीं आया। जिस पर रामजीलाल जिसके घर पर रहता था अशोक सैनी ने मृतक के भाई महावीर को फोन किया कि रामजीलाल कमरे का गेट नहीं खोल रहा है। सूचना पर रामजीलाल के परिजन मौके पर पहुंचे व प्रागपुरा थाना पुलिस को भी सूचित कर मौके पर बुलाया। वहां जाकर देखा तो कमरे की अंदर से कुंदी लगी हुई थी व कमरा अंदर से बंद था। प्रागपुरा थाना पुलिस की मौजूदगी में कमरे के दरवाजे को तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो रामजीलाल के गले में तोलिया था।

# 15 लाख की शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पाली,** (निसं)। पाली पुलिस ने 15 लाख रुपए की शराब जब्त करते हुए आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। चालक खाली ट्रक में बने गुप्त बॉक्स में शराब छुपाकर गुजरात ले जा रहा था।

सदर थाने के सहदेव चौधरी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पणिहारी चौराहे के पास नाकाबंदी की। इस दौरान जोधपुर से सुमेरपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक को रोका। ट्रक खाली था, पूछने पर ड्राइवर ने बताया कि ऊंझा मंडी जा रहा है। पुलिस ने शक होने पर ट्रक की तलाशी ली तो उसमें बने एक गुप्त बॉक्स में छुपाकर रखी राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब मिली। इस पर उसे जब्त किया गया। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब 15 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में

■ **खाली ट्रक में बने गुप्त बॉक्स में छुपाकर गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब, पुलिस ने मामले की जांच शुरु की**

जोधपुर के सूरसागर थाना क्षेत्र के नई भाखरी बास निवासी जाकीर खान (57) पुत्र नूर मोहम्मद को गिरफ्तार किया। साथ ही ट्रक और अवैध रूप से गुजरात ले जाई जा रही शराब को भी जब्त किया। कार्रवाई में सदर थाने के कॉन्स्टेबल रमेश विश्नोई की मुख्य भूमिका रही। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरु की।



पाली पुलिस ने शराब के साथ ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

# तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध एसीबी ने चालान पेश किया

**जालोर,** (का.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर की ओर से सायला पंचायत समिति की आंवलोज ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार जोशी के विरूद्ध पद के दुरूपयोग व गबन के मामले में एसीबी कोर्ट पाली में चालान पेश किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत आंवलोज में वितीय वर्ष 2015-16 में विभिन्न योजनाओं में विकास कार्यों के लिए मैसर्स शिवशक्ति कन्सट्रक्शन आंवलोज के नाम निविदा स्वी.त की गई, जिस पर मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन कम्पनी आंवलोज द्वारा धरोहर राशि रोकड़ पंजिका अनुसार 14 जुलाई 2015 को 20 लाख रुपये ग्राम पंचायत आंवलोज के कोष में जमा कराये गये थे। ग्राम पंचायत आंवलोज द्वारा वित्तिय वर्ष 2015-16 में मैसर्स शिवशक्ति कन्सट्रक्शन कम्पनी आंवलोज को किसी प्रकार का कार्यादेश जारी नहीं किया गया। जबकि ग्राम पंचायत आंवलोज में विभिन्न जगह के विकास कार्यों हेतु मैसर्स सरवरी कन्सट्रक्शन कंपनी भीनमाल से सामग्री आपूर्ति करवाकर उक्त फर्म को कुल 8,00,000 रूपये का भुगतान ग्राम पंचायत आंवलोज के कोष से किया गया, जबकि ग्राम पंचायत आवंलोज द्वारा वर्ष 2015-16 हेतु खोली गई निविदा 10 जुलाई 2015 के अनुसार मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन आंवलोज के नाम निविदा स्वीकृत की गई थी।

निविदा के अनुसार भुगतान मैसर्स शिव शक्ति कन्सट्रक्शन आंवलोज को होना चाहिए था, जबकि भुगतान अन्य फर्म सरवरी कन्सट्रक्शन कम्पनी भीनमाल को किया गया। कुछ समय पश्चात ग्राम पंचायत आंवलोज की सरपंच ममता देवी व ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार द्वारा सबंधित फर्म को किये गये भुगतान में विधिक समस्या होने का तकाजा करने पर सबंधित फर्म सरवरी कन्सट्रक्शन से सामग्री पेटे किये गये भुगतान 8 लाख रूपये को पुनः पंचायत कोष में जमा करवाया गया। जिस पर ग्राम पंचायत आंवलोज पंचायत समिति सायला जिला जालोर की तत्कालीन सरपंच ममता देवी व संतोष कुमार ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राज. जयपुर पर प्रकरण दर्ज कर बाद अनुसंधान उक्त प्रकरण में आरोपी संतोष कुमार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत आंवलोज, पं.सं. सायला जिला जालोर के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम पाली के न्यायालय में चालान पेश किया गया।

# सांचोर जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

## 'सांचोर जिला जब तक घोषित नहीं होता है, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा'

**जालोर,** (कासं)। जिला बचाओ संघर्ष समिति की ओर से सांचोर को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर गुरुवार को 82 वें दिन जारी रहा। वहीं सांचोर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पेश किया।

पूर्व राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि सांचोर जिला बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में गुरुवार को 82 वें दिन धरना जारी है। सरकार समझ ले जो सांचोर जिले को निरस्त किया है जिसको नियमानुसार बहाल कर देवें। सांचौर जिला जो जालोर जिले से 145 कि.मी. दूर व अंतिम गांव आकोडिंया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। सरकार ने कौनसे आधार पर सांचोर जिले को निरस्त किया गया, कोई स्पष्ट नहीं हैं। जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होते थे। वर्तमान सरकार आमजन का त्वरित कार्य नहीं करना चाह रही है और आमजन को इधर-उधर भटकाकर आर्थिक नुकसान करना चाहती है, ऐसी ही इस सरकार की मंशा लग रही है। बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान सरकार सांचोर जिले को किस आधार पर निरस्त किया, हमने सम्पूर्ण प्रूफ के साथ कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसका न्यायपालिका नियमानुसार निस्तारण करेंगे तथा सरकार ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय बंद कर पुनः खोला है, एडीएम कार्यालय से धरना समाप्त नहीं करने वाले हैं जिला घोषित नहीं होता है, तब तक हम धरना समाप्त नहीं होगा। सेवानिवृत अध्यापक केशाराम मेहरा धमाना ने धरने का संचालन किया। ग्रामीणों का धरने को सर्मथन मिला। अधिवक्ता भीमाराम चौधरी व जनप्रतिनिधियों ने धरने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार सांचोर की जनता के साथ भेदभाव रवैया अपना रही है, सांचोर जिला सही मापदण्ड अनुसार था उन मापदंडों के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाया था जिसको वर्तमान सरकार ने किस आधार पर निरस्त किया, यह सांचोर की जनता के साथ अन्यान किया है। सांचोर जिले को पुनः जिला बनाकर रहेंगे। जब तक सांचोर जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।

इस दौरान आसुराम गोदारा हादेचा, रामावतार मांजू, भाखराराम लोल सरपंच काछेला, अमरदान चारण, भाखराराम गोदारा, पूनमाराम, पबसिंह हादेचा, देवसीराम, कृष्ण कोली, आसुराम कोली, भगाराम, पिराराम सुथार, अमराराम मेघवाल, मंगलाराम जानी, मनोज कुमार, भंवरलाल कुराडा, भजनलाल बिश्नोई, रामलाल पंवार, सालाकदान चारण, पोकराराम बिश्नोई, रुगनाथाराम, जोधाराम मेघवाल, नरसीराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# छह चचेरे भाइयों के शव गांव पहुंचे, कोहराम मचा, एक साथ अंतिम संस्कार किया

**नोखा,** (निसं)। बारात में गए छह चचेरे भाइयों की रास्ते में आइसक्रीम खाते हुए ली गई सेल्फी उनकी आखिरी याद बन गई। चार घंटे बाद ही एक्सीडेंट में सभी की मौत हो गई। बारात में खाना खाकर घर लौटते समय देर रात करीब ग्यारह बजे कार के ऊपर राख से भरा ट्रोला पलट गया था। जिससे कार में सवार सभी छह लोग नीचे दब गए थे। हादसा देशनोक में हुआ। सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीर देखकर पड़ौसी ने नंबर से गाड़ी को पहचान लिया और वह मौके पर पहुंच गया, लेकिन, परिजन रातभर इस हादसे से बेखबर रहे।

जानकारी के अनुसार जहां बुधवार शाम तक खुशियों का माहौल था, वहां सुबह होते ही मातम पसर गया। सभी नोखा (बीकानेर) के रहने वाले थे। हादसे में पप्पूराम (55) पुत्र गंगाराम और उनके भाई मूलचंद (45) निवासी मरोठी चौक, श्यामसुंदर (60) पुत्र चेतनराम व उनके भाई द्वारिका प्रसाद (45) निवासी पंचारिया चौक, करणीदान (50) पुत्र मोहनराम निवासी पंचारिया चौक और अशोक (45) पुत्र

■ **बारात में खाना खाकर घर लौटते समय कार के ऊपर राख से भरा ट्रोला पलट गया था, जिससे कार में सवार सभी छह लोग नीचे दब गए थे**

■ **स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया**

जगन्नाथ निवासी चाचा नेहरू स्कूल के पास मौत हो गई। नोखा में गुरुवार को एक साथ छह भाइयों की अर्थी निकली। दोपहर करीब 3:30 बजे सभी का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

बीकानेर आईजी ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर देशनोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राख से भरा ट्रोला कार के ऊपर पलट गया था, जिससे कार में सवार सभी छह लोग नीचे दब गए थे। करीब आधे घंटे तक वे कार के अंदर फंसे रहे। कार पूरी तरह से पिचक चुकी थी। जेसीबी की मदद से कार के ऊपर से ट्रॉला हटवाया गया। सभी छह लोगों को बाहर निकाला। एंबुलेंस से चार को देशनोक सीएचसी और दो को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रात में सभी शवों को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। हादसे की सूचना के बाद कुछ रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। ट्रोला ड्राइवर मौके से फरार हो गया था। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। शवों को तीन एंबुलेंस से नोखा के लिए रवाना किया गया। दोपहर करीब एक बजे शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

इधर, स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम गोपाल जांगिड़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। वहीं, हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। पंचारिया चौक के पार्षद देवकिशन चांडक ने बताया कि पप्पूराम के बुआ के बेटे की शादी थी। बुआ का घर पंचारिया चौक से करीब 150 मीटर की दूरी पर है। बुधवार शाम को बारात नोखा से देशनोक गई थी। अशोक की होंडा अमेज कार से सभी लोग नोखा से शाम करीब 6:30 बजे निकले थे। देशनोक के विश्वकर्मा भवन में शादी समारोह था। इससे पहले नोखा से 15 किलोमीटर दूर बीच रास्ते में बारात के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। कार में सवार सभी लोग शाम करीब 6:45 बजे भामटसर पॉलिटेक्निक कॉलेज में रुके थे। इस दौरान आइसक्रीम खाते हुए सड़क किनारे खड़े होकर अशोक ने सभी के साथ एक सेल्फी ली थी। भामटसर पॉलिटेक्निक कॉलेज में चाय-नाश्ता करने के बाद सभी लोग देशनोक स्थित विश्वकर्मा भवन में शादी समारोह में शामिल हुए। वहां खाना खाने के बाद वे कार से रात करीब 10:30 बजे घर के लिए निकले। निकलते ही करीब पांच किलोमीटर दूर करणी माता मंदिर के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बने पुल पर एक ट्रॉला कार के ऊपर पलट गया।

पड़ोसी एडवोकेट रामनिवास बिश्नोई ने बताया कि मैंने सोशल मीडिया पर हादसे की खबर देखी। गाड़ी का नंबर देखते ही मेरी सांसें अटक गईं। मैंने बिना देर किए परिवार को जानकारी दिए बगैर मौके पर जाने का फैसला किया। कुछ पड़ोसियों को भी साथ ले लिया।

पार्षद देवकिशन चांडक ने बताया कि श्यामसुंदर, द्वारिका, पप्पूराम, मूलचंद और अशोक, सुखाराम के पोते थे। वहीं, कालूराम उर्फ करणीदान भी उनका चचेरा भाई था, जिसके दादा का नाम माणुराम था। अशोक के एक भाई की करीब 10 साल पहले एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। अब परिवार में कमाने वाला छोटा भाई बजरंग बचा है। उसी पर बच्चों की सारी जिम्मेदारी आ गई है। पप्पूराम उर्फ लक्ष्मीनारायण और मूलचंद का भाई झंवरलाल (50) है। मूलचंद के 22 और 20 साल के दो बेटे हैं। पप्पूराम के एक बेटा और तीन बेटियां हैं। श्यामसुंदर और द्वारिका प्रसाद का बड़ा भाई ओमप्रकाश (70) है। श्यामसुंदर के दो बेटे हैं। द्वारिका प्रसाद के दो बेटे और एक बेटी है।



खेलो इंडिया पैरा गेम्स के माध्यम से हमारे एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ अवसर मिल रहे हैं।
- डॉ. मनसुख मांडविया

केंद्रीय खेल मंत्री, खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मुश्किल कम हो गई हैं। दरअसल, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की कोशिश हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा निर्वाचन मंडल से उनकी आयोग्यता पर रोक लगाने और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश देने के बाद फिर से पटरी पर आ गई है। आदेश में कहा गया है कि इस पृष्ठभूमि में सुविधा का संतुलन भी याचिकाकर्ताओं के पक्ष में है। अगर अंतरिम राहत, जैसा कि याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि प्रदान नहीं की जाती है तो उन्हें अपूरणीय क्षित होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल के इतिहास मेंलगातार 10 मैच जीतने का रिकॉर्ड केकेआर के नाम है। केकेआर ने 2014 और 2015 आईपीएल के दौरान लगातार 10 मैच जीते थे।

## कल से आईपीएल 2025 का आगाज

### आईपीएल के नियम बदले, गेंदबाजों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा बीसीसीआई ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगे बैन को हटा दिया

मुंबई, 20 मार्च। 22 मार्च से आईपीएल 2025 का आगाज होने जा रहा है। इससे पहले गुरुवार को सभी टीमों के कप्तानों ने मीटिंग की, ये मीटिंग बीसीसीआई के हेडक्वार्टर मुंबई में रखी गई। इस बीच आईपीएल के कई नियमों में बदलाव की खबर सामने आई है। इसमें गेदंबाजों को लेकर अहम फैसला हुआ है। बीसीसीआई ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगे बैन को हटा दिया है। अब गेंदबाज मैच के दौरान गेंद पर लार का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही और भी निमय बदले हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार मीटिंग में कई अहम फैसले हुए हैं। इसमें गेंद पर लार के इस्तेमाल को लेकर छूट दी गई है। बीसीसीआई ने पहले गेंद पर लार के इस्तेमाल को बैन कर दिया था। इसके साथ ही एक और बड़ा नियम बदला है। मैच के दौरान दूसरी गेंद को लेकर एक नियम बना है। इसके तहत दूसरी गेंद आईपीएल मैच की दूसरी पारी के 11वें ओवर के बाद आएगी। ये नियम रात के समय ओस के प्रभाव को देखते हुए लाया गया है। दरअसल, बीसीसीआई ने कोरोना काल के कारण गेंद पर लार का इस्तेमाल प्रतिबंधित कर दिया था। आईसीसी ने भी इसको लेकर बैन लगाया था। लेकिन अब इस नियम को बदल दिया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बीते दिनों लार के इस्तेमाल पर लगे बैन को हटाने की मांग की थी। आईपीएल के इस सीजन का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला ईडन गार्डन्स में 22 मार्च को आयोजित होगा। टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर 20 मई को हैदराबाद में खेला जाए। वहीं एलिमिनेटर मैच 21 मई को हैदराबाद में खेला जाएगा। सीजन का दूसरा क्वालीफायर 23 मई को कोलकाता में खेला जाएगा। अगर फाइनल की बात करें तो वह 25 मई को कोलकात में आयोजित होगा।

## विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2025 में भारतीय एथलीट नहीं लेंगे भाग

नई दिल्ली, 20 मार्च। चीन के नानजिंग में शुक्रवार से शुरु होने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप (डब्ल्यूआईसी) 2025 में भारत का कोई भी एथलीट प्रतिभाग नहीं करेगा। डब्ल्यूआईसी नानजिंग 2025 के लिए आधिकारिक प्रवेश सूची में चीन में 21 से 23 मार्च तक चलने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप के लिए पांच भारतीय एथलीट तेजस शिरसे और माधवेंद्र शेखावत (पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़), एंसी सोजन (महिलाओं की लंबी कूद) और ऐश्वर्या मिश्रा (महिलाओं की 400 मीटर) ने शीर्ष खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था, लेकिन उन्होंने इस आयोजन में प्रतिभाग नहीं लेने का विकल्प चुना। विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2025 में लगभग 120 देशों के लगभग 500 एथलीट भाग लेंगे। नानजिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिनों तक चलने वाली 26 स्पर्धाओं के लिए एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल, स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2024 में भारत को एक भी पदक नहीं मिला था, जब जेसविन एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 13वें स्थान पर रहे थे और प्रवीण चित्रवेल ट्रिपल जंप में 11वें स्थान पर रहे थे। भारत ने विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में कभी कोई पदक नहीं जीता है।

## ईसीबी ने शाकिब की गेंदबाजी पर लगाये निलंबन को किया समाप्त

लंदन, 20 मार्च। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदबाजी पर लगाये गये निलंबन को समाप्त कर दिया है। इसी के साथ उन्हें सभी प्रतियोगिताओं और द हंड्रेड में फिर से गेंदबाजी करने की अनुमति मिल गई है। बंगलादेश के शाकिब पर सितंबर 2024 में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेले गये एक मैच में अंपायरों ने उनकी गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। दिसंबर में एक स्वतंत्र मूल्यांकन में पाया गया कि उनकी गेंदबाजी एक्शन ईसीबी नियमों द्वारा अनुमत 15 डिग्री सीमा से अधिक था जिसके बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। एक महीने बाद भारत में उनकी गेंदबाजी एक्शन की फिर से जांच की गई। इस रिपोर्ट के बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित कर दिया गया और हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उन्हें बंगलादेश की टीम में शामिल नहीं किया गया। ईसीबी ने इस बात की पुष्टि की कि इस महीने की शुरुआत में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में उनके एक्शन की एक बार फिर से की गई जांच से पता चला कि उन्होंने अपने एक्शन में पर्याप्त सुधार किया है। इसके बाद उन पर लगाये गये प्रतिबंध को समाप्त कर दिया गया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम को 58 करोड़ रुपये का पुरस्कार



मुम्बई, 20 मार्च। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बीसीसीआई ने टीम इंडिया पर पैसों की बरसात कर दी है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के लिए 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार का ऐलान किया है। ये पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को मिलेगा। हालांकि, बोर्ड ने अपने बयान में ये नहीं बताया कि किसे कितना पुरस्कार मिलेगा। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने एक बयान में कहा कि, लगातार दो आईसीसी खिताब जीतना खास है।

ये पुरस्कार विश्व स्तर पर टीम इंडिया की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के लिए है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम ने फाइनल तक पहुंचने के लिए लगातार चार मैचों में जीत दर्ज की थी। रोजर बिन्नी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की जीत भारत के मजबूत क्रिकेट इको सिस्टम की बानगी है। उन्होंने कहा कि ये 2025 में हमारा दूसरा आईसीसी खिताब है। आईसीसी अंडर 19 महिला टीम ने भी विश्व कप जीता। इससे साबित होता है कि देश में क्रिकेट का इको सिस्टम कितना मजबूत है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप भी जीता था।

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि इस जीत से साबित होता है कि भारत समिति गेंद के प्रारूपों में टॉप रैंकिंग का हकदार है। सैकियाने कहा कि, वर्ल्ड क्रिकेट में भारत सीमित गेंद के प्रारूपों में टॉप रैंकिंग का हकदार है। सैकिया ने कहा कि, वर्ल्ड क्रिकेट में भारत का दबदबा कड़ी मेहनत और कुशल रणनीति का नतीजा है। इस सीजन से साबित होता है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत टॉप रैंकिंग का हकदार है और हमें यकीन है कि आगे भी टीम यूं ही प्रदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया है, उससे नए मानदंड कायम हुए हैं। हमें यकीन है कि भारतीय क्रिकेट आगे भी विश्व स्तर पर नयी ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने आईसीसी टूर्नामेंट में दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया। उनकी सफलता देश में उदीयमान क्रिकेटरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। टीम ने फिर साबित कर दिया कि भारतीय क्रिकेट कौशल, मानसिक दृढता और जीत की मानसिकता की मजबूत नींव पर खड़ा है।

## आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों के लिए राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने रियान पराग



जयपुर, 20 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों के लिए रियान पराग टीम की कमान संभालेंगे। युवा ऑलराउंडर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में कमान संभालेंगे, इसके बाद 26 मार्च को गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले खेलेंगे। संजू सैमसन, जो रॉयल्स के अहम सदस्य हैं, विकेटकीपिंग और फील्डिंग के लिए मंजूरी मिलने तक बल्ले से अहम योगदान देंगे। पूरी तरह से फिट होने के बाद वे कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। राजस्थान रॉयल्स द्वारा रियान को कप्तानी सौंपने का फैसला उनके नेतृत्व में फ्रेंचाइजी के भरोसे को दर्शाता है, एक ऐसा कौशल जो उन्होंने असम के घरेलू कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान दिखाया है। पिछले कई वर्षों से रॉयल्स सेटअप का अहम सदस्य होने के कारण, टीम की गतिशीलता की उनकी समझ उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआती चरण के लिए इस भूमिका में कदम रखने के लिए अच्छी तरह से तैयार करती है। एक अनुभवी कोर, गतिशील युवा प्रतिभाओं और एक सुव्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन के साथ, राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 में एक मजबूत शुरुआत के लिए प्रतिबद्ध है।

## 17 सालों से खिताब के लिए तरसती आरसीबी



जयपुर, 20 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, जिसे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के नाम से जाना जाता था, जिसे आम तौर पर के नाम से जाना जाता है, यह बेंगलुरु, कर्नाटक में स्थित एक पेशेवर फ्रैंचाइज़ क्रिकेट टीम है, जो इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेती है। यूनाइटेड स्पिरिट्स द्वारा 2008 में स्थापित, इस टीम का नाम शराब ब्रांड, रॉयल चैलेंज के नाम पर रखा गया है।

बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम उनका घरेलू मैदान है। 2024 तक, टीम की कप्तानी फाफ डु प्लेसिस कर रहे थे और एंडी फ्लावर इसके कोच हैं। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स तीन मौकों पर 2009, 2011 और 2016 में उपविजेता रहे हैं और नौ सत्रों में प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। फ्रैंचाइज़ी ने चैंपियंस लीग ट्वेंटी 20 में भाग लिया है, 2011 सीज़न में उपविजेता के रूप में समाप्त हुआ। 2024 तक, का मूल्य 117 मिलियन था, जो उन्हें सबसे मूल्यवान आईपीएल फ्रैंचाइज़ी में से एक बनाता है।

### जयपुर में आयोजित होगी सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता

## सीनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 तक पुष्कर में

जयपुर, 20 मार्च। भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 14 से 19 जून 2025 तक सीनियर राष्ट्रीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर में किया जायेगा । हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि दिनांक 14 से 19 जून तक सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में 34वी सीनियर राष्ट्रीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की टीमें, केंद्र शासित राज्य , सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल,भारत तिब्बत सीमा पुलिस, अखिल भारतीय पुलिस टीम आदि विभाग के लगभग 1200 खिलाड़ी व ऑफिसियल भाग लेंगे। जिसमे अर्जुन अवार्डी, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप के पदक विजेता खिलाडियों के साथ कई अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राजस्थान वुशू संघ व अजमेर वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 21 से 23 मार्च 2025 तक 18वी सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता का आयोजन पुष्कर में किया जा रहा है । हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के 23 जिलो के लगभग 250 खिलाडी व अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। इस प्रतियोगिता की सभी फाइट नाकआउट आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव विनय मेहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों का रजिस्ट्रशन व वजन दिनांक 21 मार्च प्रातः 6 बजे से लिया जायेगा तथा प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है।

## सिंधु पहले दौर में हारकर स्विस ओपन से हुई बाहर

बसेल (स्विट्जरलैंड), 20 मार्च। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में डेनमार्क की जूली जैकबसेन से पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बुधवार को खेले गये मुकाबले में सिंधु को 61 मिनट तक चले मुकाबले में जूली जैकबसेन से 21-17, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु इस वर्ष लगातार तीसरी बार पहले दौर में हारी है। पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दौर में हमवतन एचएस प्रणय के खिलाफ कड़ी चुनौती के बीच मुकाबला 23-21, 23-21 से जीत लिया। श्रीकांत दूसरे दौर में चीन के ली शिफेंग से भिड़ेंगे। वहीं क्वालीफायर शंकर सुब्रमण्यन ने मैग्नस जोहानसन पर 21-5, 21-16 से शानदार जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 35वें स्थान पर काबिज भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने स्थानीय खिलाड़ी टोबियास कुएंजी को मात्र 29 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर पुरुष एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### 11वीं शमशेर सिंह स्मृति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

## राजस्थान यूथ सुपर ओवर में 1 रन से जीती

### राजस्थान कॉल्ट्स ने के.एल. सैनी एकेडमी को हराया



जयपुर, 20 मार्च। राजस्थान कॉल्ट्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 11वीं शमशेर सिंह स्मृति महिला टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में राजस्थान यूथ ने जयपुरिया एकेडमी को सुपर ओवर में 1 रन से हराया तथा दूसरे मैच में राजस्थान कॉल्ट्स ने के एल सैनी एकेडमी को 9 विकेट से हराया।


के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए पहले मैच में जयपुरिया एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए काव्या बिश्नोई के 23 रन, आरुषि वरजानी के 20 रनों से 16.4 ओवर में 88 रन बनाए। राजस्थान यूथ के लिए तानिया ने 19 पर 4, फ़ौरा गुर्जर ने 19 पर 2, अंजली, तनु जादौन व गौरवी खंगारोत ने 1-1 विकेट लिए।

जवाबी पारी में राजस्थान यूथ की टीम कृतिका गुलाब के 12 रन व अंशु सैनी के 18 रनों व तनु जादौन के 17 रनों से 19.1ओवर में 88 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुरिया एकेडमी के लिए रुतबा चौधरी ने 18 पर 2, अर्चना योगी ने 10 पर 3, कनक शर्मा, याना गुप्ता, ऋषिता यादव व माही सेठ ने 1 - 1 विकेट लिया। मैच टाई होने पर सुपर ओवर खेला गया जिसमें राजस्थान यूथ ने कृतिका गुलाब के 9 रन से एक विकेट पर 10 रन बनाए। जवाब में जयपुरिया एकेडमी की टीम याना गुप्ता व शिवानी के 4 - 4 रन से एक विकेट पर 9 रन ही बना सकी व 1 रन से मैच हार गई।

दूसरे मैच में के के एल सैनी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डोलवी शर्मा के 27 रन व नंदिनी के 21 रन से 20 ओवर में 5 विकेट पर 64 रन बनाए। राजस्थान कॉल्ट्स के लिए सीमा जाट ने 7 पर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान कॉल्ट्स ने सुमित्रा जाट के नाबाद 50 रन (27 गेंद, 12 चौके) से 5.4 ओवर में 1 विकेट पर 65 रन बनाकर मैच जीत लिया। के एल सैनी एकेडमी के लिए कृतज्ञा ने 20 पर एक विकेट लिया।

# विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का 26वां संस्करण 22 और 23 को आयोजित

### एग्जीबिशन कल प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी





जयपुर, 20 मार्च। राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब जयपुर की 26वीं विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन और ड्राइव प्रस्तुत करने जा रहा है। इस क्लब को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है और यह इवेंट भारत के सबसे सफल और सबसे पुराने विंटेज और क्लासिक कार ईवेंट में से एक है, जिसमें देश भर से कार पारखियों और विश्व भर से पर्यटकों ने शामिल होने के लिए अपनी रूचि दिखाई है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना है, जो हेरिटेज के मामले में विश्व के सबसे समृद्ध स्थानों में से एक है और ये विंटेज और क्लासिक कारें इसमें चार चांद लगाती हैं।

इसके साथ ही भारत की समृद्ध ऑटोमोबाइल हेरिटेज को संरक्षित किया जा सकता है। राजस्थान में बहुत से होटल व्यवसायियों ने समृद्ध ऑटोमोबाइल इतिहास और लिगेसी को बचाने के लिए अपनी प्रॉपर्टीज जैसे जोधपुर, उदयपुर, डूंगरपुर, खिमसर, बूंदी आदि में छोटे म्यूजियम और डिस्पले स्थापित किए हैं। यह आयोजन उन पुराने मैकेनिकों को रोजगार के अवसर पैदा करने की प्रेरणा और उद्देश्य भी देता है, जिनका हुनर बदलती टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन के कारण बेकार हो गया है। भारत में जयपुर भी विंटेज और क्लासिक कार रेस्टोरेशन के लिए एक हब है।

राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब द्वारा पहला इवेंट 28 वर्ष पहले 1996 में आयोजित किया गया था। पहला इवेंट खासा कोठी में केवल 10 कारों के साथ आयोजित किया गया था और तब से न केवल कारों की संख्या में वृद्धि हुई है बल्कि कारों की क्वॉलिटी और रेस्टोरेशन स्टेंडर्ड के साथ एक लंबा सफर तय किया है। इस वर्ष एक बार फिर हमें जयपुर और भारत के अन्य शहरों जैसे दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई से 100 से अधिक विंटेज और क्लासिक कारों के आने की उम्मीद है।

राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष, दयानिधि कासलीवाल ने कहा कि हम राजस्थान सरकार, पर्यटन विभाग और विशेष रूप से राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमार के आभारी हैं, जिन्होंने देश की सर्वश्रेष्ठ विंटेज और क्लासिक कारों के इवेंट्स में से एक के आयोजन की इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए अपना निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन दिया। क्लब के उपाध्यक्ष, सुधीर कासलीवाल ने बताया कि राजस्थान सरकार, पर्यटन विभाग के समर्थन एवं सहयोग के बिना क्लब के लिए हर वर्ष यह इवेंट आयोजित करना संभव नहीं होता।

डिप्टी डायरेक्टर, पर्यटन विभाग, उपेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन विभाग हेरिटेज टूरिज्म के हिस्से के रूप में हमेशा से विंटेज और पोलो को सपोर्ट करते आया है। आरएएससीसी के सचिव, अविजित सिंह बदनौर ने सभी सपोर्टर्स, विशेषकर पर्यटन विभाग, राजस्थान और जय महल पैलेस जैसे सुंदर वेन्यू के लिए ताज होटल को धन्यवाद दिया।

यह भव्य शो एक एग्जीबिशन के साथ शुरू होगा, जिसका उद्घाटन शनिवार, 22 मार्च, 2025 को दोपहर 12 बजे ताज जय महल पैलेस में मुख्य अतिथि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री, दीया कुमारी और विशिष्ट अतिथि, आईएएस, प्रमुख सचिव पर्यटन, राजस्थान, रवि जैन करेंगे। ऑटो एक्सपर्ट जूरी मुंबई से अनिरुद्ध कासलीवाल और कोलकाता से श्रीवर्धन कनोरिया विभिन्न कारों को जज करेंगे। पुरस्कारों पर निर्णय लेने के लिए कारों को मौलिकता, रखरखाव, दुर्लभता, उद्गम आदि के आधार पर 3 सेक्शंस - विंटेज, क्लासिक और मॉडर्न क्लासिक में विभाजित किया जाएगा।

**इस इवेंट में भाग लेने वाली कुछ अनूठी कारें होंगी- 1913 फोर्ड मॉडल टी ( ओनरः मीत बधलिया ), 1919 सिट्रोन रोडस्टर, ( ओनरः शगुफ्ता खान, नई दिल्ली ), 1930 कॉर्ड 29 कैब्रियोलेट, 1950 रिले कूप ( ओनरः गौतम हरि सिंघानिया ),1923 ऑस्टिन चम्मी ( मालिकः घनी ऑटोज ) और जयपुर कलेक्टर्स के कलेक्शंस - कमल एंड कंपनी, जेम पैलेस, घनी ऑटोज़, लक्ष्मी रमन, अविजित सिंह बदनौर आदि शामिल होंगे।**

रविवार, 23 मार्च को सुबह 11.30 बजे ताज जय महल पैलेस से जीएम - रामबाग पैलेस और एरिया डायरेक्टर - ऑपरेशन्स ताज होटल्स, अशोक एस. राठौड़ और जीएम, जय महल पैलेस, जयपुर, वर्धमान एस. राठौड़ द्वारा इस ड्राइव को हरी झंडी दिखाई जाएगी। इसका रूट गवर्नमेंट हॉस्टल, एमआई रोड, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्कल, अंबेडकर सर्कल, जनपथ टर्न से चौमू सर्कल होगा और अंत में ड्राइव प्रतिभागियों के लंच के लिए ताज जय महल पैलेस में वापसी करेगी। जिसके बाद, दोपहर 3.30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जिसमें जयपुर ग्रामीण, सांसद, राव राजेंद्र सिंह द्वारा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।



## पीपीसी ने 8.5-7 के स्कोर से आरपीसी से मैच जीता

जयपुर, 20 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2025, आरपीसी पोलो कप के मैच में गुरुवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर पीपीसी ओर आरपीसी के बीच खेला गया जिसमें पीपीसी ने आरपीसी को 8.5-7 के स्कोर से हराया। डेढ़ गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही पीपीसी की ओर से दिव्यमान सिंह ने 1, लोकेन्द्र सिंह ने 3 ओर विशाल सिंह राठौड़ ने 3 गोल कर टीम को जीताया जबकि आरपीसी की ओर से शुभम गिल ने 2, महाराजा पदमनाभ सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए 5 गोल किये लेकिन टीम की हार नही टाल पाए।

## राजस्थान टेबल टेनिस एसोसियेशन के चुनाव से जुड़े मामले में 26 को खेल सचिव हाईकोर्ट में तलब

जयपुर, 20 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन के चुनाव से जुडे मामले में पेश अपील के निस्तारण को लेकर अपील अधिकारी खेल सचिव को 26 मार्च को पेश होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने खेल सचिव से अपील के निस्तारण से जुडी जानकारी भी मांगी है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता तनय जैन ने बताया कि साल 2023 के चुनाव को लेकर सहकारिता रजिस्ट्रार के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। जिसे रजिस्ट्रार ने खारिज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ अपीलीय अधिकारी के रूप में खेल सचिव के समक्ष अपील पेश की थी, लेकिन अपीलीय अधिकारी ने भी उसे गलत तरीके से खारिज कर दिया। वहीं मामले में पक्षकार बनाए गए मुकुल गुप्ता की ओर से कहा गया कि टीटी फेडरेशन की तीन सदस्यीय कमेटी ने भी उसके पक्ष में रिपोर्ट दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने खेल सचिव को पेश होकर तय की गई अपील से जुडी जानकारी देने को कहा है।

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा का बड़ा व्यस्त कार्यक्रम रहा दिल्ली में

## मुख्यमंत्री ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की

नई दिल्ली/ जयपुर, 20 मार्च। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को नई दिल्ली में लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला सहित, कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश की विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। शर्मा ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला से संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, राजस्थान में विकास कार्यों की प्रगति, जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शाह के साथ राजस्थान में विकास और प्रगति के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भी भेंट की। दोनों नेताओं ने प्रदेश की विकासशील योजनाओं, राजस्थान में वित्तीय संसाधनों का आवंटन, राज्य की आर्थिक विकास योजनाओं एवं केन्द्र राज्य सहयोग के विषयों पर चर्चा की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी संसद भवन में मुलाकात कर रिफाइनरी एवं भविष्य की रणनीतिक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ उनके निवास पर मुलाकात कर भजनलाल ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के बारे में चर्चा की।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं केमिकल और फर्टिलाईजर मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भी शिष्टाचार भेंट की और राजस्थान में खेल संबंधित आधारभूत संरचनाओं के विकास को लेकर बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राजस्थान में विकास परियोजनाओं, ई-बसों, अवसंरचना निर्माण तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आगामी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से भेंट कर ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की।

शर्मा ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से भेंट कर राज्य के पेयजल एवं सिंचाई संबंधित मुद्दों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।*

- **मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से संसद में उनके ऑफिस में मुलाकात की और प्रदेश की विकास योजनाओं पर चर्चा की।**
- **मुख्यमंत्री ने नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह, मनसुख मांडविया और सी.आर. पाटिल से भी पृथक-पृथक मुलाकातें कीं।**

## तमिलनाडु ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टी ए एस एम ए सी ने हाई कोर्ट में अपील की कि ई डी के एक्शन अतिवादी थे और उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर थे। तमिलनाडु सरकार ने भी इस मामले में याचिका दायर की। स्टाफ की शिकायत थी कि ईडी अधिकारी अचानक घुस आए तथा कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन किया। यही नहीं उनके मोबाइल फोन छीनकर निजता का हनन भी किया।

टी ए एस एम ए सी के वकील ने कहा कि "कुछ लोगों को 60 घंटे तक बिठाए रखा गया कुछ को रात एक बजे 6 घंटे के लिए घर जाने दिया गया, बशर्ते कि वे सुबह 8-9 बजे वापस आ जाएं। ईडी की कार्यवाही तीन दिन चली।"

सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे एडवोकेट जनरल पी एस रमन ने कहा कि महिलाओं को रात एक बजे घर जाने की अनुमति दी गई और सुबह 8-9 बजे वापस आने की हिदायत दी गई।

टी ए एस एम ए सी के वकील ने कहा, "सैक्शन 17 के तहत आप मेरे परिसर में नहीं घुस सकते। आप को अपना अधिकार पत्र दिखाना होगा। आप को दिखाना होगा कि इसका सीधा सम्बंध प्रिवैंशन ऑफ मनी लॉण्डरिंग एक्ट से है आप सब कुछ कब्जे में ले रहे हैं, मोबाइल फोन भी, क्या यह निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है।" लेकिन ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे एडीशनल सॉलिसिटर जनरल एस सुंदरेशन ने इन दावों का जोरदार खंडन किया। उन्होंने कहा कि किसी को भी बंधक नहीं बनाया गया, सभी को घर जाकर आने की अनुमति दी गई थी।

ईडी के अनुसार टी ए एस एम ए सी की खुदरा दुकानें ग्राहकों से एक बोतल पर 10 से 30 रुपये ज्यादा ले रहे थे।

## पुतिन ने अगूंठा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

योग्य नहीं रहा क्योंकि यहां एक बड़ी आग लग गई थी और पूरा क्षेत्र जलकर राख हो गया।

अब इन घटनाओं को देखते हुए, अमेरिकी रणनीतिक और सुरक्षा विशेषज्ञों के लिए यह स्पष्ट हो गया है कि रुस ने डॉनल्ड ट्रंप के त्वरित युद्धविराम और शांति समझौते के प्रयास को नकार दिया है। लेकिन इस विफलता ने राष्ट्रपति ट्रंप की व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुँचाया है।

सार्वजनिक अपमान को देखते हुए समूचा प्रशासन शांति समझौते की दिशा में प्रगति होने का दिखावा कर रहा है। पुतिन को वार्ता टेबल पर लाने में अपनी असफलता को स्वीकार करने की बजाय ट्रंप यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे प्रमुख वार्ताकार और शानदार डील मेकर हैं।

एक जाने माने रणनीतिक विशेषज्ञ ने बताया कि पुतिन बड़ी दूर का गेम खेल रहे हैं जिसमें वे दक्षिण यूरोपीय क्षेत्र में सोवियत संघ के दबदबे के पुनः प्राप्त करना चाहते हैं। सोवियत संघ के दिनों में रूस का ब्लैक सी पर पूर्ण नियंत्रण था जैसे वो इसका अपना तालाब हो।

सोवियत संघ के विघटन के बाद इससे ब्लैक सी व आसपास का क्षेत्र छिन गया। रोमानिया और बुल्गारिया पश्चिमी यूरोप में चले गए तुर्की पहले से ही नाटो का प्रमुख सदस्य है इसलिए रूस नए सिरे से ब्लैक सी पर पकड़ बनाने के लिए काम कर रहा है।

पुतिन के इस खेल में ब्लैक सी एक महत्वपूर्ण खेल का मैदान है। पुतिन यूक्रेन के प्रमुख बंदरगाह और ओडेसा और ब्लैक सी पर पुन नियंत्रण करना चाहते हैं। इसलिए वे यूक्रेन के साथ युद्ध जारी रखना चाहते हैं और ब्लैक सी के तटवर्ती क्षेत्रों पर कब्जा कर रहे हैं।

ऐसा लगता है कि इन इच्छाओं के पूरा होने तक वे यूक्रेन युद्ध नहीं रोकेंगे। अमेरिकन कूटनीतिक व रणनीति के विशेषज्ञ इन दीर्घकालिक कारणों को देख रहे है इसलिए वे युद्ध रोकने के लिए रूस पर ज्यादा से ज्यादा दबाव डाले जाने के पक्ष में हैं।

## डी.एम.के. के सांसद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि अभी तो जनगणना ही नहीं हुई है।

लेकिन परिसीमन का मुद्दा दक्षिण में आँधी-तूफान का रुप ले चुका है, क्योंकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन यह आशंका जताते हुये, इस जनसंख्या-आधारित कवायद का विरोध कर रहे हैं कि परिसीमन से दक्षिणी राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी। स्टालिन ने 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित होने वाली एक मीटिंग में शामिल होने के लिये दक्षिण के सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया है। ऐसी अपेक्षा है कि मीटिंग का फोकस इस बिन्दु पर रहेगा कि दक्षिण के राज्य जनसंख्या- आधारित परिसीमन का प्रतिरोध किस तरह करें।

परिसीमन की प्रक्रिया के अन्तर्गत, जनसंख्या के आधार पर संसदीय क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जायेगा। 2026 में इस प्रक्रिया के अस्तित्व में आने की उम्मीद है।

जब एम.के. स्टालिन ने दक्षिणी राज्यों के अधिकारों के हनन की बात उठाई, तो गृहमंत्री अमित शाह ने 27 फरवरी को लोकसभा में बयान दिया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में, प्रो-डाटा आधार पर होने वाले परिसीमन के बाद, किसी भी दक्षिणी राज्य की एक भी सीट कम नहीं की जायेगी।

## एसआई पेपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गई हैं।

जानकारी के अनुसार, एसओजी एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर एक बार फिर से बड़ा एक्शन करने का प्लान बना रही है। कुछ माह की जांच के दौरान, एसओजी को कई बड़े सबूत ट्रेनिंग कर रहे एसआई के बारे में मिले हैं। एसओजी इस बार बल्क में ट्रेनी एसआई गिरफ्तार करने की बजाय, एक-एक कर गिरफ्तार करेगी। इससे कोर्ट में इन लोगों को पेश करना और फिर रिमांड लेना आसान रहेगा। वहीं, जिन लोगों से पेपर लिया या फिर नकल की, उन बदमाशों से इन को आमने सामने बिठा कर पूछताछ होगी। इससे आगे की कई कड़ियां जुड़ेंगी।

गौरतलब है कि मंगलवार को ट्रेनी एसआई मोनिका (25) को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गिरफ्तार किया था। ट्रेनी एसआई ने नकल गिरोह के सरगना पौरव कालेर से पेपर 15 लाख में पेपर खरीदा था। कालेर को गिरफ्तार करने पर ट्रेनी एसआई राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर से फरार हो गई थी। इसके बाद झुंझुनूं में जॉइनिंग करने पहुंची ट्रेनी एसआई मोनिका को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया था।

## वन रक्षक भर्ती ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रकरण में कांस्टेबल देवाराम हाल पदस्थापित उदयपुर निवासी मीरपुरा जिला जालौर को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया था । उसने पूछताछ में बताया कि वह अपनी भतीजी रेशमी कुमारी चिल्का, जिसका राजसमन्द परीक्षा सेन्टर आया था, को उदयपुर से राजसमन्द परीक्षा दिलाने लेकर गया एवं सांवलाराम जाट द्वारा लाये गये सॉल्वड पेपर को परीक्षा से पूर्व सांवलाराम ने पढ़ाया। इसकी एवज में सांवलाराम को रेशमी कुमारी का अन्तिम रूप से चयन होने पर पांच लाख रूपये दिये। एसओजी टीम, जयपुर ने रेशमी कुमारी को पदस्थापन रानीवाड़ा वन नाका से डिटेन कर पेश किया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। इस प्रकरण में पूर्व से गिरफ्तार सांवलाराम जाट, कंवराराम जाट,कांस्टेबल भीयाराम,देवाराम व कमलेश का 24 मार्च 2025 तक पीसी रिमांड प्राप्त किया।

## 30 अप्रैल से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साहिब 25 मई को भक्तों के लिए खोला जाएगा।

यात्रा शुरू होने के बाद, हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू होगी।

जो श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर सकते, वे ऑफलाइन पंजीकरण कर यात्रा पर जाएंगे। चारों धामों में यात्रियों को दर्शन के लिए भी टोकन व्यवस्था लागू होगी।

## क्या श्री शुभम लॉजिस्टिक को "120 करोड़ रूपए" का अवांछित लाभ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनुभागों, पत्रावलियों पर होने वाले निर्णयों का अपने स्तर पर परीक्षण कर अनुमोदन करवाते थे। पारीक निगम के समस्त अनुभागों के कार्यों का सुपरविज़न किया करते थे। पाठकों को बता दें कि विश्वास पारीक आर.ए.एस. एलाइड सर्विसेज (आर.ए.एस. अधीनस्थ सेवा) में चयनित होकर लेखा विभाग में नियुक्त हुए थे, जिन्हें राज्य भंडारण निगम में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया था।

वहीं, योगेश कुमार निगम में संयुक्त निदेशक (विकास) के पद पर कार्यरत थे और उनके द्वारा श्री शुभम लॉजिस्टिक से संबंधित समस्त कार्यों का सम्पादन किया जाता था। पाठकों को बता दें कि योगेश कुमार वर्मा कृषि विभाग में पदस्थापित अधिकारी थे, जिन्हें भंडारण निगम में डेपुटेशन में भेजा गया था। इन दोनों अधिकारियों पर गंभीर आरोप है कि इन्होंने श्री शुभम लॉजिस्टिक को 100 करोड़ रूपए से ज्यादा का अवांछित लाभ पहुँचाया, जबकि यह स्पष्ट था कि श्री शुभम लॉजिस्टिक ने अनुबंध की कई शर्तों का उल्लंघन किया था। जैसे- बैंक गारंटी नहीं देना, कृषि उपज का इंश्योरैंश नहीं कराना और ऐसे सरकारी गोदामों का पूर्ण मैनेजमैंट इन प्राइवेट कंपनियों के हाथों में दे दिया गया, जिनका उल्लेख अनुबंध में नहीं था।

गौरतलब है कि इस मामले में जाँच को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के कृषि विभाग और गैर राज्य प्रशासनिक सेवाओं के संबंधी विभाग को भी एसीबी को अनुमति देनी होगी कि वह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत इन दो सरकारी अफसरों के खिलाफ जाँच कर सके। यहाँ गौरतलब बात यह भी है कि एसीबी ने इस मामले में "प्रिलिमिनरी" जाँच मंत्री किरोड़ी लाल के 16 मई 2024 के शिकायती पत्र मिलने के बाद 22 मई को शुरु कर दी थी, परन्तु अब लगभग 10 महीने बाद इन दो अफसरों के खिलाफ जाँच करने की अनुमति ले पाई है। सवाल यह उठ रहा है कि इस जाँच में इतना विलम्ब क्यों, जबकि राज्य सरकार कई वरिष्ठ अफसरों की बैठक में यह मान चुकी है कि श्री शुभम लॉजिस्टिक ने अनुबंध का उल्लंघन किया था और उसे अवांछित लाभ मिला था।

## वरिष्ठ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोकसेवा आयोग अजमेर की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा विषय विज्ञान 2022 में आरोपित प्रवीण कुमार और देवाराम विश्नोई ने स्वयं परीक्षा नहीं दी थी, परीक्षा उनके स्थान पर डमी कैन्डीडेट्स द्वारा दी गई थी।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600